वर्ष : 12 | अंक : 02 टोंक | शुक्रवार , 02 अगस्त, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष त्रयोदर्शी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

दैनिक बढ़ता राजस्थान

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ



# राहत की बारिश.... आफत बनकर बरसी...



## करौली, सीकर समेत कई जिलों में जमकर बरसे मेघ, सड़कें बनी दरिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भारी बारिश का दौर जारी है ।प्रदेश में बारिश का ताजा आंकड़ा जारी किया गया। पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश का आंकड़ा जारी किया गया। राजस्थान में 51 स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में जयपुर और जयपुर ग्रामीण में भारी बारिश हुई। गंगापुर सिटी, करौली, झुंझुनूं, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, कोटपूतली-बहरोड़ और तिजारा में भारी बारिश दर्ज की गई. जयपुर ग्रामीण में 12 स्थानों पर भारी बारिश की दर्ज गई।

जयपुर में सीजन की रिकॉर्डतोड़ बारिश दर्ज की गई। जयपुर में 225 मिमी बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे के दौरान 20 स्थानों पर अतिभारी बारिश दर्ज की गई, जबकि 20 स्थानों पर भारी बारिश हुई। जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर जारी है।

### जयपुर में दिल्ली जैसा हादसा,बेसमेंट में डूबकर 3 की मौत

जयपुर में भी बुधवार रात दिल्ली जैसा हादसा हो गया। तेज बरसात के बाद बेसमेंट में भरे पानी में डूबने से युवक समेत तीन की मौत हो गई। डूबने से पहले युवक ने पत्नी और माता-पिता की जान बचाई। करीब 6 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गुरुवार दोपहर 12 बजे तीनों के शवों को बाहर निकाला गया।

घटना विश्वकर्मा इलाके के ध्वज नगर वार्ड नंबर 5 की है। यहां सड़क का निर्माण मकान से काफी ऊपर होने के कारण पानी भर गया ।चौमूं एसीपी अशोक चौहान ने बताया कि 25 साल पहले बिहार के आरा निवासी अशोक सैनी और बैजनाथ सैनी ने ध्वज नगर में प्लॉट नंबर 94-95 लिया था। यहां पर उन्होंने मकान बनाया था। समय के साथ सड़क बनी। सड़क इतनी बनी की उनका दो मंजिला मकान बेसमेंट बन गया।

### टोंक में फिर मेहरबान हुआ मानसून

टोंक में फिर मानसून मेहरबान हुआ . बीती देर रात से अलसुबह तक जारी बारिश का दौर जारी रहा . जिलेभर में कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। बारिश के चलते उमस और गर्मी से राहत मिली। जिले में निवाई उपखण्ड क्षेत्र में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई। निवाई में बीते कुछ घंटों में 5 .51 इंच से ज्यादा बारिश हुई। पीपलू में 3 .85 इंच से ज्यादा बारिश हुई। टोंक शहरी क्षेत्र में भी करीब 1 इंच बारिश हुई। मालपुरा के चांदसेन में 4 .72 इंच से ज्यादा बारिश हुई ।मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में 3 .3 इंच से ज्यादा बारिश हुई। जिलेभर में बीती देर रात से जारी बारिश का दौर जारी रहा।

### सुजानगढ़ में सुबह से बारिश का दौर जारी

चूरू के सुजानगढ़ में सुबह से बारिश का दौर जारी रहा . 5 बजे से झमाझम बारिश हो रही है . बारिश के बाद 2 दिन तक पड़ी गर्मी से निजात मिली। रुक-रुककर हो रही बारिश से आमजन जीवन प्रभावित हुआ।

### करौली में भारी बारिश से हुआ पानी-पानीः


करौली में रात की बरसात में शहर पानी-पानी हुआ . विभिन्न कॉलोनी, मोहल्ले में रात में जलभराव हुआ। घरों में घुसा पानी, लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली .खाने-पीने का सामान, बिछाने-ओढ़ने के कपड़े अन्य सामान पानी में गिला हुआ। कलेक्ट्रेट क्षेत्र को शहर से जोड़ने वाले गौशाला मार्ग पर जलभराव, आवागमन बंद हो गया . शहर को जोड़ने वाले दूसरे मार्ग होली खिड़कियां, केशवपुरा मार्ग पर भी जलभराव से आवागमन बंद हुआ। गणेश गेट क्षेत्र में दर्जनों घरों में पानी घुसा। आधी रात को ही लोग जान बचाने के लिए घरों से निकले।

### जयपुर में सड़क पर भरे पानी में बह गई कार : पटरियों पर डेढ़ फीट पानी भरा, घरों में घुसा; बारिश ने 12 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

जयपुर में देर रात से हो रही तेज बारिश ने पिछले 12 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जयपुर मौसम केन्द्र पर 156 एमएम बारिश दर्ज हुई, जो पिछले 12 साल में अगस्त में हुई सर्वाधिक बारिश है। बारिश के कारण जयपुर की सड़कें नदियों की तरह बहने लगीं। घरों में पानी घुस गया। बसें तक डूबी नजर आईं। पानी के बहाव के कारण कार तक बह गई। सड़कों में जगह-जगह गड्डे हो गए। लोग बह गए, जिन्हें रेस्क्यू किया जा रहा है। द्रव्यवती नदी ओवरफ्लो होकर बहने लगी। सड़के धंसने से स्कूल बस और जेसीबी तक फंस गई। इधर जयपुर तहसील पर 225 एमएम यानी 9 इंच बरसात सिंचाई विभाग की ओर से दर्ज की गई। इतनी भारी बारिश के बाद जयपुर में जगह-जगह पानी भर गया। जयपुर गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर सुबह 6 बजे पटरियों पर दो फीट तक पानी भर गया। जो प्लेटफार्म तक आ गया। वीकेआई एरिया में भी एक घर में तीन लोग पानी और मिट्टी आने के कारण फंस गए।

## सुप्रीम कोर्ट रिजर्वेशन में कोटे में कोटा मंजूर

### सुप्रीम कोर्ट ने अपना 19 साल पुराना फैसला पलटा, कहा- राज्य आरक्षण में सब कैटेगरी बना सकते हैं




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी सुप्रीम कोर्ट के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस बारे में बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटा है। तब कोर्ट ने कहा था कि अनुसूचित जातियां खुद में एक समूह है, इसमें शामिल जातियों के आधार पर और बंटवारा नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने अपने नए फैसले में राज्यों के लिए जरूरी हिदायत भी दी है। कहा है कि राज्य सरकारें मनमर्जी से फैसला नहीं कर सकतीं। इसके लिए दो शर्तें होंगी

**पहलीः** अनुसूचित जाति के भीतर किसी एक जाति को 100% कोटा नहीं दे सकतीं।

**दूसरीः** अनुसूचित जाति में शामिल किसी जाति का कोटा तय करने से पहले उसकी हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिए। फैसला सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संविधान पीठ का है। इसमें कहा गया कि अनुसूचित जाति को उसमें शामिल जातियों के आधार पर बांटना संविधान के अनुच्छेद-341 के खिलाफ नहीं है।

**फैसले का आधारः** अदालत ने फैसला उन याचिकाओं पर सुनाया है, जिनमें कहा गया था कि अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण का फायदा उनमें शामिल कुछ ही जातियों को मिला है। इससे कई जातियां पीछे रह गई हैं। उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए कोटे में कोटा होना चाहिए। इस दलील के आड़े 2004 का फैसला आ रहा था, जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जातियों को सब-कैटेगरी में नहीं बांट सकते।

## पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

### दिल्ली कोर्ट बोला- कोटे का गलत इस्तेमाल करने वालों की जांच हो

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ट्रेनी आईएएस अफसर रही पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका दिल्ली कोर्ट ने खारिज कर दी है। अदालत ने दिल्ली पुलिस को आदेश दिया कि यूपीएससी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले बाकी कैंडिडेट्स की भी जांच की जाए। साथ ही अगर यूपीएससी के किसी कर्मचारी ने पूजा की मदद की हो, तो



उसकी भी जांच हो। पूजा खेडकर पर उम्र, माता-पिता की गलत जानकारी, पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने का आरोप था।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## सम्पादकीय

### नितिन गडकरी ने वित्तमंत्री को लिखा पत्र, जीवन बीमा से टैक्स खत्म करने की कर दी मांग

अनेक वस्तुओं और सेवाओं पर माल एवं सेवा कर यानी जीएसटी की असंगत दरों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। विपक्षी दल अक्सर सरकार पर निशाना साधते हैं, मगर अभी तक इसे लेकर कोई व्यावहारिक और सर्वमान्य पैमाना तय नहीं हो सका है। अब सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वित्तमंत्री को पत्र लिख कर जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पर से जीएसटी हटाने की मांग की है। फिलहाल इस पर अठारह फीसद जीएसटी लागू है। दरअसल, नागपुर मंडल के बीमा एजंटों के संघ ने गडकरी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा था। उसी के संदर्भ में उन्होंने वित्तमंत्री से स्वास्थ्य बीमा पर से जीएसटी हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य बीमा को सामाजिक सुरक्षा के मद्देनजर सुविधाजनक बनाने की जरूरत है, ताकि बुजुर्गों और दूसरे लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इससे पहले जून में देश भर के बीमा एजंटों के संघ ने वित्तमंत्री से अपील की थी कि वे बीमा पर से जीएसटी की दरें घटा कर पांच फीसद कर दें, ताकि बीमा ग्राहकों पर इसके मासिक भुगतान का भार कुछ कम हो सके। मगर पिछली जीएसटी की बैठक में इस पर कोई विचार नहीं किया गया। अब सरकार के एक केंद्रीय मंत्री की अपील पर शायद इस दिशा में कोई सकारात्मक नतीजा निकले। बीमा एजंटों का तर्क है कि पिछले पांच वर्षों में स्वास्थ्य और अन्य बीमाओं का 'प्रीमियम' दो गुना बढ़ गया है। जीएसटी लगने से उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। इस तरह स्वास्थ्य बीमा के नवीकरण में गिरावट दर्ज हो रही है। स्वास्थ्य बीमा नवीकरण की दर 65 से 75 फीसद तक ही रह गई है। जाहिर है, बीमा का प्रीमियम बढ़ने से बहुत सारे लोग उनका नवीकरण नहीं करा रहे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बहुत सारे लोग नया बीमा खरीदने से भी हिचकते होंगे। कुछ महीने पहले सरकार ने स्वास्थ्य बीमा सुविधाओं को व्यापक बनाने के मकसद से इसे सत्तर वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए खरीदने का रास्ता भी खोल दिया था। मगर जब बीमा का मासिक भुगतान उनकी क्षमता से बाहर रहेगा, तो भला कैसे वे इसका लाभ उठा पाएंगे। वैसे भी सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाओं की पहुंच सभी तक नहीं है। नई पेंशन योजना के बाद से बड़ी संख्या में लोगों के पास बढ़ती उम्र में इलाज पर खर्च करने की क्षमता नहीं रह गई है। तिस पर अगर सरकार स्वास्थ्य बीमा को भी उनकी पहुंच से बाहर कर देगी, तो इलाज पर निरंतर बढ़ते खर्च के बीच वे कैसे अपनी स्वास्थ्य देखभाल कर पाएंगे। जीएसटी लागू करते समय दावा किया गया था कि हर वर्ष इसकी दरों में संशोधन होगा और घटते-घटते वे काफी कम हो जाएंगी। मगर इतने वर्षों में अनेक समीक्षाओं के बाद भी जीएसटी की दरों को तर्कसंगत नहीं बनाया जा सका है। शुरू में जब जीएसटी का विचार पेश किया गया था तब इसकी अधिकतम दर अठारह फीसद रखने का वादा था, मगर फिलहाल इस दर के दायरे में ही ज्यादातर वस्तुएं और सेवाएं हैं। बहुत सारी चीजों पर इससे ऊंची दरें हैं। अब राज्यों के हिस्से के घाटे की भरपाई का दबाव भी केंद्र सरकार पर नहीं है।

# पाक के नापाक इरादों को तो कुचलना ही होगा

**कारगिल में बुरी तरह मार खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरा नहीं। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कारगिल से मिले सबक का इस्तेमाल अन्य अपरंपरागत अभियानों को अंजाम देने के लिए किया, जिसमें 2008 के मुंबई हमले, 2016 में पठानकोट और उरी में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले और 2019 का पुलवामा आत्मघाती हमला भी शामिल हैं। इन हमलों में पाकिस्तान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों की भूमिका साफ नजर आ रही थी।**

आर.के. सिन्हा

बीती 26 जुलाई को देश ने कारगिल विजय दिवस मनाया। जाहिर है, इस मौके पर उन शूरवीरों को देश ने भारी मन से और कृतज्ञता के भाव से याद किया, जिन्होंने देश के लिए अपनी जानों का नजराना दिया था। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर बीते शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। वे कारगिल वॉर मेमोरियल भी गए। करीब 20 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री जी ने कहा- पाकिस्तान प्रॉक्सी वॉर के जरिए चर्चा में बना रहना चाहता है। उन्होंने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। अतीत में आतंकवाद को लेकर उनके हर प्रयास विफल रहे। मैं जहां खड़ा हूं, वहां से आतंक के आकाओं तक मेरी आवाज पहुंच ही रही होगी। उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्द परमाणु युद्ध के खतरे के साये में लड़ा गया था। अब यह स्थापित हो चुका है कि जनरल परवेज मुशर्रफ की अगुवाई में पाकिस्तानी सेना ने भारत को युद्ध में धकेला था। उन्होंने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के कारगिल क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर चुपके से कब्जा भी कर लिया था, जबकि दोनों देशों के तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व शांति स्थापना के प्रयासों में जुटे थे। इसमें फरवरी 1999 में लाहौर घोषणा पर हस्ताक्षर भी शामिल था। तमाम जटिल बाधाओं के बावजूद, भारतीय सेना और वायु सेना ने एक ऐसा अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों के वेश में पाकिस्तानी नियमित सैनिकों को खदेड़ दिया गया। भारतीय सैनिकों ने बलपूर्वक अपनी एक-एक इंच जमीन को भी वापस लिया। जबकि, वायु सेना ने दुश्मन की लॉजिस्टिक सुविधाओं और पहाड़ी किलों को निशाना बनाया। कारगिल और उसके बाद के घटनाक्रमों से साफ था कि पाकिस्तानी सेना ही अपने राजनेताओं द्वारा किये जा रहे शांति के प्रयासों को विफल कर रही है। कारगिल युद्ध के बाद ही परवेज मुर्शरफ राजधानी दिल्ली आए। वे पाकिस्तान की संभवतः पहली बड़ी शख्सियत थे, जो महात्मा गांधी की समाधि राजघाट में पहुंचे थे। यह 17 जुलाई, 2001 की बात है। वे जब भारत आए तब उन्हें सारा भारत कारगिल की जंग की इबारत लिखने वाला ही मानता था। जाहिर है कि इसी कारण उनसे देश नाराज था। बेशक, मुशर्रफ ने अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं को परवान चढ़ाने के लिए कारगिल का युद्ध छेड़ा था। उस समय वह पाकिस्तान आर्मी के चीफ थे। अपनी आत्मकथा %इन द लाइन ऑफ फायर% में उन्होंने लिखा है कि पाकिस्तानी सेना कारगिल युद्ध में शामिल थी। हालांकि, इससे पहले पाकिस्तान इस तथ्य को छिपाताऔर झुठलाता ही रहा था। दिल्ली में 1943 में जन्में मुशर्रफ ने हार की शर्मिंदगी से बचने के लिए पूरी जिम्मेदारी तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर डाल दी थी। चूंकि दिल्ली उनका जन्म स्थान था, इसलिए उनकी उस पहली भारत



यात्रा को लेकर जिज्ञासा का भाव भी था। वे जब इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर उतरे तो राजधानी दिल्ली में झमाझम बारिश हो रही थी। उनका राजधानी में पहला अहम कार्यक्रम राजघाट में जाकर महात्मा गांधी को श्रद्लांजलि देना था। वे जब राजघाट पहुंचे तब भी बारिश ने उनका पीछा नहीं छोड़ा था। खबरिया चैनलों से दिखाई जाने वाली तस्वीरों से साफ लग रहा था कि वे राजघाट में बेहद तनाव में थे। उन्होंने वहां पर विजिटर्स बुक में लिखा- महात्मा गांधी जीवनभर शांति के लिए कोशिशें करते रहे। कुछ ग्राफोलोजिस्ट ( हैंड राइटिंग के विशेषज्ञों) ने परवेज मुर्शरफ की हैंड राइटिंग का अध्ययन करने के बाद दावा किया था कि मुशर्रफ के राजघाट पर विजिटर्स बुक पर लिखते वक्त हाथ कांप रहे थे और वे तनाव में थे।दरअसल युद्ध हथियारों से ज्यादा हौसलों से लड़े जाते हैं। यह देश ने कारगिल के समय देखा था। सेना तो लड़ती ही है, उसे सारे देश का साथ भी मिलना चाहिए। कारगिल में पाकिस्तान के छल से सारा देश गुस्से में था। कारगिल एक ऐसा युद्ध था जो विश्व की सबसे मुश्किल लड़ाइयों में से एक माना जाता है। भारत के वीर योद्धाओं ने दुश्मन पाकिस्तान को दुर्गम पहाड़ियों की चोटियों से खदेड़ दिया था। हालांकि कारगिल की जंग को जीतने के लिए हमारे लगभग साढ़े पांच सौ शूरवीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनमें परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा भी थे। कैप्टन विक्रम बत्रा ने साहस और शौर्य की लंबी रेखा खींची थी। दुश्मन उनके नाम से कांपते थे। विक्रम ने जुलाई 1996 में भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में प्रवेश लिया। दिसंबर 1997 में प्रशिक्षण समाप्त होने पर उन्हें 6 दिसम्बर 1997 को जम्मू के सोपोर में सेना की 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली। उन्होंने 1999 में कमांडो ट्रेनिंग के साथ कई प्रशिक्षण भी लिए। पहली जून 1999 को उनकी टुकड़ी को कारगिल युद्ध में भेजा गया। हम्प व राकी नाब स्थानों को जीतने के बाद विक्रम को कैप्टन बना दिया गया। इसके बाद श्रीनगर-लेह मार्ग के ठीक ऊपर सबसे महत्त्वपूर्ण 5140 चोटी को पाक सेना से मुक्त करवाने की ज़िम्मेदारी कैप्टन बत्रा की टुकड़ी को मिली। कैप्टन बत्रा अपनी कंपनी के साथ घूमकर पूर्व दिशा की ओर से इस क्षेत्र की तरफ बढ़े और बिना शत्रु को भनक लगे हुए उसकी मारक दूरी के भीतर तक पहुंच गए। कैप्टन बत्रा ने अपने दस्ते को पुर्नगठित किया और उन्हें दुश्मन के ठिकानों पर सीधे आक्रमण के लिए प्रेरित किया। सबसे आगे रहकर दस्ते का नेतृत्व करते हुए उन्होनें बड़ी निडरता से शत्रु पर धावा बोल दिया और आमने-सामने की लड़ाई में शत्रु सेना के चार जवानों को मार डाला। बेहद दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद विक्रम बत्रा ने अपने साथियों के साथ 20 जून 1999 को सुबह तीन बजकर 30 मिनट पर इस चोटी को अपने कब्ज़े में ले लिया।कैप्टन विक्रम बत्रा ने जब इस चोटी से रेडियो के जरिए अपना विजय उद्घोष 'यह दिल मांगे मोर' कहा तो सेना ही नहीं बल्कि पूरे भारत में उनका नाम छा गया। इसी दौरान विक्रम के कोड नाम शेरशाह के साथ ही उन्हें 'कारगिल का शेर' कहा जाने लगा। कारगिल में कैप्टन विक्रम बत्रा जैसा पराक्रम सारे भारतीय सैनिकों ने दिखाया था। बेशक, कारगिल की हार से पाकिस्तान की आंखें नहीं खुलीं। वह अब भी भारत के खिलाफ रणनीति बनाता ही रहता है। भारत को उसकी नापाक हरकतों पर हर वक्त पैनी नजर तो रखनी ही होगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
साहित्य लेखन के लिए अच्छा दिन होने के कारण आप लेखन में प्रतिभा दिखा सकते हैं। आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं।

**वृष**
जीवनसाथी के साथ भी अच्छा वक्त बीतेगा। व्यावसायिक कार्य से बाहर जाना हो सकता है। आज आप नए काम के शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कामों और साहित्य लेखन में सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन**
वैवाहिक जीवन बेहतर रहेगा। नई वस्तुओं की खरीदारी के लिए आज का दिन उत्तम है। आज नए काम की योजना बनेगी। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभ प्रदान करने वाला होगा। पत्नी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क**
शारीरिक और मानसिक रूप से आप ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। स्वादिष्ट भोजन और अच्छे कपड़े पहनने को मिलेंगे। मित्रों तथा परिजनों के साथ आज का दिन आनंदपूर्वक गुजारेंगे। उनकी तरफ से आपको भेंट-उपहार मिल सकता है। सार्वजनिक जीवन में मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह**
तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। विदेश में रहने वाले मित्रों और सगे-संबंधियों के समाचार प्राप्त होंगे, जिससे काफी प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा। संतान की चिंता सताएगी।

**कन्या**
आज आपका मन काफी चंचल रहेगा, इस कारण आपको निर्णय लेने में काफी परेशानी होगी। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी। आप किसी बौद्धिक या तार्किक चर्चा में भाग लेंगे। भागीदारी में लाभ होगा।

**तुला**
मन में आने वाले नकारात्मक विचारों से दूर ही रहें। आज दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। मन में किसी बात की दुविधा रहेगी।

**वृश्चिक**
आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे। वाणी पर संयम रखें अन्यथा मतभेद हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज अत्यधिक खर्च हो सकता है। मानहानि हो सकती है, अतः सावधान रहें। आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी।

**धनु**
उत्तम भोजन प्राप्त होगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं। महिला मित्र आज विशेष सहायक होंगी। बच्चों के साथ कहीं बाहर जाने का अवसर मिलेगा। बुजुर्गों तथा बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर**
भाई-बंधुओं से प्रेम तथा सहयोग मिलेगा। कलाकारों, कारीगरों और लेखकों को अपनी प्रतिभा दर्शाने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। विरोधी परास्त होंगे। आपका आज का दिन आर्थिक दृष्टि से लाभदायक है।

**कुंभ**
आपका आज का दिन सुख- शांति में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे।

**मीन**
कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। किसी भी अनैतिक और सरकार विरोधी कामों से दूर रहें अन्यथा आप मुसीबत में आ सकते हैं। कोई शुभ प्रसंग हो सकता है।

## शख्सियत



विजयलक्ष्मी असवाल
( व्याख्याता )

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार है। इतिहास की व्याख्याता है जो फिलहाल महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खेड़ली सैयद मालाखेड़ा में अपनी सेवाएं दे रही है। 21 नवम्बर को जोधपुर में जन्मी विजयलक्ष्मी ने नाम को चरितार्थ किया है। स्नातक - राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपाड़ शहर जोधपुर से कर बीएड संजय टीटी कॉलेज जयपुर से कर प्रथम पोस्टिंग 16 जनवरी 2008 बिलाड़ा जोधपुर में थर्ड ग्रेड टीचर के रूप में अचीव की। 2 अगस्त 2008 जीयूपीएस ठंडू की ढाणी। थानागाजी, अलवर इनका ट्रांसफर हो गया।16 फरवरी 2009 विवाह अलवर में हुआ 13 अक्टूबर 2011 को द्वितीय श्रेणी टीचर बनी।अंग्रेजी में जीएसएसएस मालुताना थानागाजी रही जहां पिछड़े वर्ग की बच्चियों को स्कूल से जोड़ा। इसके बाद जीजीएसएसएस उमरैन उसके बाद आज महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में इतिहास व्याख्याता पद को सुशोभित कर रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में पढ़ाने का तरीका बेहद मायने रखता है, जो शिक्षक की योग्यता में चार चांद लगाता है साथ ही जिसके निर्देशन में पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न तरह की पाठ्य सहगामी गतिविधियों में भी बच्चों ने ना केवल जिला बल्कि राज्य स्तर पर अपनी काबिलियत का परचम लहराया हो और जो खुद भी राज्य स्तर पर विभिन्न प्रकार की शिक्षक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हो । ऐसी ही एक शिक्षक है विजयलक्ष्मी। अंग्रेजी जैसे कठिन विषय और इतिहास विषय का ग्रामीण अंचल में शत प्रतिशत रिजल्ट होने के साथ ही इनके निर्देशन में ग्रामीण अंचल की बालिकाओं ने पत्र-वाचन, निबंध,भाषण, वाद-विवाद,चित्रकला, कोलाज, रंगोली, लोक-गीत, लोक-नृत्य,नाटक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिला और राज्य में अव्वल दर्जे का प्रदर्शन किया है।

विजयलक्ष्मी स्वयं न केवल जिला स्तर पर बल्कि राज्य स्तर पर भी पत्र-वाचन, भाषण,वाद-विवाद, शिक्षक-सेमिनार जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मानित हो चुकी है। बच्चों में खासी लोकप्रिय विजयलक्ष्मी अब तक विभिन्न प्रकार के 50 से भी ज्यादा नेशनल लेवल के क्विज में भाग ले चुकी है इसके साथ ही बेस्ट टीचर के रूप में उन्हें जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। राज्य-स्तरीय शिविरा-पत्रिका और दैनिक समाचार पत्रों में भी अब तक इनके कई लेख प्रकाशित हो चुके हैं। एनसीसी कैडेट के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने के साथ ही बेस्ट एंकर का अवार्ड भी ये अपने नाम कर चुकी है । समय-समय पर भामाशाहों को प्रेरित कर बच्चों एवं विद्यालय के विकास में इनका सहयोग सराहनीय रहा है। सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास से भरा इनका व्यक्तित्व बच्चों को प्रेरित करता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उजव्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिंद**

## विशेष आलेख

# कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर के अवसर और चुनौतिया

विजय गर्ग

कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग (सीएसई) का क्षेत्र हमेशा एक गतिशील और विकासशील क्षेत्र रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के आगमन के साथ, सीएसई का परिदृश्य और भी विस्तारित हो गया है, जिससे करियर के कई अवसर खुल गए हैं। सीएसई एआई और एमएल में करियर नवाचार और समस्या-समाधान के लिए रोमांचक संभावनाएं प्रदान करता है। जैसे-जैसे उद्योग तेजी से एआई और एमएल प्रौद्योगिकियों को अपना रहे हैं, इन क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की मांग आसमान छू रही है। यह लेख सीएसई एआई और एमएल में करियर में विभिन्न अवसरों और चुनौतियों की पड़ताल करता है, इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र में आवश्यक कौशल, उपलब्ध नौकरी भूमिकाओं और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालता है। सीएसई एआई और एमएल में करियर के अवसर 1. विविध कार्य भूमिकाएँ सीएसई एआई और एमएल में करियर के सबसे आकर्षक पहलुओं में से एक उपलब्ध नौकरी भूमिकाओं की विविधता है। पेशेवर डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, एआई रिसर्चर, एआई एथिक्स स्पेशलिस्ट और अन्य पदों में से चुन सकते हैं। ये भूमिकाएँ स्वास्थ्य सेवा, वित्त, खुदरा और प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न उद्योगों में फैली हुई हैं। उदाहरण के लिए, डेटा वैज्ञानिक जटिल डेटा का विश्लेषण और व्याख्या करते हैं, जबकि मशीन लर्निंग इंजीनियर एल्गोरिदम विकसित करते हैं जो मशीनों को डेटा से सीखने में सक्षम बनाते हैं। एआई शोधकर्ता एआई के सैद्धांतिक पहलुओं को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, और एआई नैतिकता विशेषज्ञ यह सुनिश्चित करते हैं कि एआई अनुप्रयोग नैतिक मानकों के अनुरूप हों। 2. उच्च मांग और प्रतिस्पर्धी वेतन एआई और एमएल में कुशल पेशेवरों की मांग अब तक के उच्चतम स्तर पर है। कंपनियां लगातार ऐसे विशेषज्ञों की तलाश में रहती हैं जो नवाचार और दक्षता बढ़ाने के लिए इन प्रौद्योगिकियों का लाभ उठा सकें। परिणामस्वरूप, सीएसई एआई और एमएल में करियर अक्सर आकर्षक मुआवजे पैकेज के साथ आते हैं। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार, एआई और एमएल पेशेवरों के लिए औसत वेतन अन्य तकनीकी भूमिकाओं के औसत से काफी अधिक है। यह विशेष रूप से विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सच है, जैसे डीप लर्निंग इंजीनियर्स और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) विशेषज्ञ, जहां विशेषज्ञता दुर्लभ है और अत्यधिक मूल्यवान है। 3. नवप्रवर्तन के अवसर सीएसई एआई और एमएल में करियर नवाचार के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करते हैं। एआई और एमएल प्रौद्योगिकियां प्रक्रियाओं को स्वचालित करके, निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाकर और नए उत्पाद और सेवाएं बनाकर उद्योगों को बदल रही हैं। इस क्षेत्र के पेशेवरों के पास अत्याधुनिक परियोजनाओं पर काम करने का मौका है, जैसे स्वायत्त वाहन विकसित करना, व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल समाधान बनाना और बुद्धिमान आभासी सहायकों को डिजाइन करना। इन करियरों की नवीन प्रकृति उन्हें अत्यधिक फायदेमंद बनाती है, क्योंकि पेशेवर उनके काम का वास्तविक प्रभाव देख सकते हैं। 4. वैश्विक अवसर एआई और एमएल पेशेवरों की वैश्विक मांग का मतलब है कि दुनिया भर में अवसर हैं। चाहे आप सिलिकॉन वैली, यूरोप, एशिया या दुनिया के किसी अन्य हिस्से में काम करना चाहते हों, एआई और एमएल में आपके द्वारा हासिल किए गए कौशल अत्यधिक हस्तांतरणीय हैं। इस वैश्विक मांग का मतलब यह भी है कि इस क्षेत्र के पेशेवरों के पास दूर से काम करने की सुविधा है, क्योंकि कई कंपनियां दूर से काम करने के विकल्प पेश करती हैं। एआई और एमएल कौशल की सीमा पार प्रयोज्यता विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर के अवसर तलाशने वाले पेशेवरों के लिए एक महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है। 5. अंत:विषय अनुप्रयोग एआई और एमएल तकनीकी उद्योग तक सीमित नहीं हैं; उनके पास विभिन्न क्षेत्रों में अंत:विषय अनुप्रयोग हैं। उदाहरण के लिए,स्वास्थ्य देखभाल में, एआई एल्गोरिदम का उपयोग रोगी के परिणामों की भविष्यवाणी करने और चिकित्सा निदान में सहायता करने के लिए किया जाता है। वित्त में, एमएल मॉडल धोखाधड़ी वाले लेनदेन का पता लगाने और ट्रेडिंग रणनीतियों को अनुकूलित करने में मदद करते हैं। मनोरंजन में, ॄद्ब का उपयोग उपयोगकर्ताओं को वैयक्तिकृत सामग्री की अनुशंसा करने के लिए किया जाता है। एआई और एमएल करियर की अंत:विषय प्रकृति पेशेवरों को विविध डोमेन में काम करने की अनुमति देती है, जिससे क्षेत्र रोमांचक और हमेशा विकसित होता है। सीएसई एआई और एमएल में करियर में चुनौतियां 1. तीव्र तकनीकी प्रगति सीएसई एआई और एमएल को अपनाने वाले आईटी उद्योग में आने वाली मुख्य समस्याओं में से एक उस तेज गति के साथ तालमेल बनाए रखना है जिस गति से प्रौद्योगिकी बदल रही है। यह गतिविधि का एक क्षेत्र है, जो विकास की निरंतर प्रक्रिया से गुजर रहा है, जहां हर समय नए एल्गोरिदम, ढांचे और उपकरण बनाए जाते हैं। पेशेवरों को नवीनतम रुझानों और तकनीकी प्रगति के साथ खुद को अपडेट करने में सक्षम होना चाहिए। प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाए रखने के लिए निरंतर सीखना और व्यावसायिक विकास अपरिहार्य हथियार हैं। एक्सपोज़र तेजी से सीखने वालों में नवाचार को भी प्रोत्साहित कर सकता है, जिससे वे प्रगति के चालक बन सकते हैं। 2. नैतिक और कानूनी विचार एआई और एमएल प्रौद्योगिकियों के व्यापक उपयोग का तात्पर्य है कि नैतिकता और वैधता के प्रश्न अधिक से अधिक उठाए जा रहे हैं। डेटा गोपनीयता, एल्गोरिथम पूर्वाग्रह और एआई सिस्टम के नैतिक अनुप्रयोग जैसे मामले संबोधित किए जाने वाले मुख्य मुद्दे हैं। इस क्षेत्र में श्रमिकों को नैतिक और संभवत: न्यायिक आवश्यकताओं को शामिल करके इन समस्याओं से निपटने की आवश्यकता है। ये मामले इतने जटिल हैं कि तकनीकी पक्ष के साथ-साथ व्यक्ति की नैतिक संवेदनशीलता भी विकसित करनी पड़ती है। 3. उच्च प्रवेश बाधा इंजीनियरिंग और मात्रात्मक ज्ञान, विशेष रूप से कंप्यूटर विज्ञान और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में, सीएसई एआई और एमएल में करियर बनाने के लिए आवश्यक पाठ्यक्रम हैं। केवल इन क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ज्ञान वाले लोग ही बाधा पार कर सकते हैं। इसके अलावा, एआई और एमएल में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए बहुत अधिक समय और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। पेशेवरों को पायथन और आर जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं में विशेषज्ञ होना चाहिए, और उन्हें विभिन्न एआई और एमएल फ्रेमवर्क जैसे टेन्सरफ्लो और पायटोरच से परिचित होना होगा। उच्च प्रवेश बाधा कुछ लोगों के लिए पहला कदम हो सकती है, और कोई भी इसे छोड़ना नहीं चाहेगा यदि वे अपेक्षित परिणामों पर भरोसा करने के लिए बाध्य हों। 4. डेटा निर्भरता एआई और एमएल मॉडल ठीक से काम करने के लिए काफी हद तक डेटा पर निर्भर हैं। सही प्रकार और जानकारी की मात्रा इन प्रक्रियाओं के निष्पादन पर बहुत प्रभाव डाल सकती है। सीएसई एआई और एमएल में करियर में बाधाओं में से एक डेटा से संबंधित मुद्दे हैं, जैसे डेटा की कमी, डेटा गुणवत्ता और डेटा गोपनीयता। पेशेवरों को इन चुनौतियों से निपटने के लिए कुछ तरीके अपनाने चाहिए और ऐसे तरीकों का प्रस्ताव देना चाहिए जो संबंधित मॉडलों की सुदृढ़ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करें। इसके अलावा, डेटा नैतिकता एक महत्वपूर्ण पहलू है जिस पर विचार किया जाना चाहिए; जब डेटा का दुरुपयोग होगा तो गंभीर परिणाम होंगे . 5. अंत:विषय सहयोग तथ्य यह है कि एआई और एमएल के बीच संबंध विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में स्थापित हैं।

## आज का इतिहास

### 2 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुर्शिदाबाद पर 1763 को कब्जा करने के बाद ब्रिटिश सेना का पश्चिम बंगाल के गिरिया में मीर कासिम से युद्ध हुआ।
- नीदरलैंड की सेना ने 1831 में दस दिनों के अभियान के बाद बेल्जियम पर कब्जा किया।
- ब्रिटिश सरकार ने 1858 में गवर्मेंट ऑफ इंडिया एक्ट पारित किया।
- ब्रितानी संसद ने 1858 में ईस्ट इंडिया कंपनी से भारतीय प्रशासन अपने हाथों में लेने वाला विधेयक पारित किया।
- लंदन में विश्व का प्रथम भूमिगत ट्यूब रेलवे टावर सबवे 1870 में शुरु हुआ।
- चीन में 1922 को समुद्री तूफान टाइफून से लगभग साठ हजार लोगों की मृत्यु हो गई।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के 29वें राष्ट्रपति वारेन जी हार्डिंग की 1923 में कार्यालय में मृत्यु।
- पॉजीट्रान, इलेकट्रॉन का एक कण, की कार्ल डी एंडीसन द्वारा 1932 में खोज की गई।
- जर्मन राष्ट्रपति पॉल फॉँ हिंडेनबर्ग का 1934 में निधन के बाद हिटलर के मंत्रिमंडल ने नए चुनाव करवाने के बजाय राष्ट्रपति के पद को रिक्त रखकर समस्त शक्तियां राष्ट्रप्रमुख को हस्तांतरित करने का कानून पास किया।
- ब्रिटिश सरकार ने 1935 में भारत सरकार अधिनियम पारित कर बर्मा और अदन को भारत से अलग किया।
- विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने 1939 में परमाणु हथियार अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रपति रूजवेल्ट को पत्र लिखा।
- तुर्की ने 1944 में जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
- सोवियत संघ ने 1955 में परमाणु परीक्षण किया।
- श्रीमती सी बेलियप्पा मुतम्मा 1970 में भारत की पहली महिला राजदूत बनीं, जिन्हें हंगरी का राजदूत बनाया गया।
- इटली में 1980 को बम धमाका, 85 लोगों की मौत हो गई।
- यूरो अदालत ने 1984 में फ़ोन टैपिंग की आलोचना की।
- अमेरिका में 1985 को जंबो जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें 130 लोग मारे गये।
- विश्वनाथ आनंद 1987 में विश्व जूनियर शतरंज चैम्पियनशिप जीतने वाले पहले एशियाई बने।
- ईराक द्वारा कुवैत पर 1990 को अधिकार एवं वहाँ के अमीर का सऊदी अरब पलायन।
- चीन ने 1999 में लम्बी दूरी (8000 किमी।) की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया।

# 77 एमएम बारिश के बाद मालपुरा हुआ जलमग्न

## शहर की कई कालोनियो व बाजारो की सड़को पर पानी भरने से लगी दरिया समान, शास्त्री नगर की महिलाओं ने उपखण्ड कार्यालय पर पहुंच कर किया प्रदर्शन, भैंरूसागर चांदसेन बांध की झलकी चादर, टोरड़ी सागर बांध में आया अब तक 25 फुट पानी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** सम्पूर्ण मालपुरा क्षैत्र में बीति मध्य रात्रि के बाद शुरू हुआ बारिश का दौर सुबह 11 बजे तक चलने से कुल 77 एमएम बारिश हुई। बीति मध्य रात्रि बाद से ही शहर व ग्रामीण अंचलो में बारिश का दौर शुरू हुआ। इस दौरान कभी तेज तो कभी रूक रूक कर बारिश का दौर चला। नियन्त्रण कक्ष कें अनुसार सुबह 8 बजे तक कुल 77 एमएम बारिश दर्ज हुई। इधर बारिश के इस दौर के चलते मालपुरा शहर के महावीर मार्ग, नवीन मण्डी गांधी पार्क की सड़को पर पानी भरने से दरिया बनी। साथ ही बृजलालनगर कालोनी तथा शास्त्री नगर कालोनी के अलावा अन्य कई कालोनियो की सड़को पर पानी भर गया। याास्त्री नगर कालोनी में पानी भर जाने व आने जाने का रास्ता अवरूद्ध हो जाने के बाद कालोनी की महिलाओं ने पहले तो मुख्य सड़क पर आवागमन अवरूद्ध किया। बाद में सभी महिलाऐं उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंच कर कालोनी में भरे वर्षा जल के निकासी व अवरूद्ध हुए मार्ग को खुलासा करने की मांग को लेकर सांकेतिक धरना देकर प्रदर्शन किया। दोपहर बाद बारिश का दौर रूकने व मौसम खुलने के बाद आम जन ने राहत की सांस ली। क्षैत्र में भारी बारिश के बाद ग्रामीण अंचलो में कई नीचले स्थानो पर पानी भराव की समस्या हुई। जिसको देखते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय की ओर से तहसीलदार व विकास अधिकारी को पत्र लिखकर विशेषकर नगरपालिका क्षेत्र मालपुरा के अलावा अम्बापुरा, चांदसेन, कलमण्डा, घाटी, डूंगरीकला, धोली, कड़ीला, टोरड़ी बांध क्षैत्र,डिग्गी एवं अन्य क्षैत्रो की विशेष एवं कड़ी निरानी रखी जावे। साथ ही सम्बन्धित गांवो की ग्राम पंचायतो के ग्राम विकास अधिकारियो, सहायक ग्राम विकास अधिकारियो व कार्मिको को अपने अपने क्षैत्र की कड़ी निगरानी रख कर बाढ़ संभावित क्षैत्रो की विशेष निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।





जल मग्न एसडीएम कार्यालय परिसर

### मूसलाधार बारिश से कॉलोनियां जल मग्न, सरकारी कार्यालय परिसर बने तालाब

**निवाई।** उपखंड क्षेत्र में जबरदस्त मूसलाधार बारिश होने से कई कॉलोनियों व सरकारी कार्यालयों सहित कई कॉलोनियों में जगह-जगह पानी भर गया। बुधवार की रात से हो रही तेज बारिश से क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक जलस्त्रोतों में भी पानी की आवक हुई है। मूसलाधार बारिश के चलते एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, विद्युत विभाग के सहायक व अधिशाषी अभियंता कार्यालय, डाक बंगला, दतवास पुलिस थाना परिसर सहित अनेक सरकारी कार्यालय परिसर में बरसाती पानी भर गया। इसके अलावा शहर की चौधरी कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी, शिवाजी पार्क रोड, जिरात बाबा रोड, एसडीएम कार्यालय के सामने झिलाय रोड पुलिया अंडरपास में भी पानी भर गया जिससे विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। दतवास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मुख्य बाजार में घुटनों से ऊंचाई तक पानी बहता रहा जिसकी वजह से मुख्य बाजार में स्थित दुकानों में पानी घुस गया। इसके साथ ही पानी में से होकर बच्चों को विद्यालय पहुंचना पड़ा। इधर उपखंड मुख्यालय पर रात भर हुई तेज बारिश के कारण पटेल रोड पर पानी की अधिकता होने के कारण जयपुर टोंक रोड पर स्थित वेयरहाउस पुलिया के ऊपर से करीब 2 फीट तक पानी बहने लगा। तेज बारिश से उपखंड क्षेत्र के गांव सेदारिया में एक मकान की 20 फीट लंबी पक्की दीवार गिर गई हालांकि जनहानि नहीं हुई। सूचना पर घटनास्थल पर सरपंच कानाराम गुर्जर घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

### पीपलू क्षेत्र में बारिश का कहर जनजीवन अस्त-व्यस्त जिला कलेक्टर ने क्षेत्र किया दौरा

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र में बुधवार देर रात से ही भारी बारिश हो रही है। पीपलू उपखंड से नाथडी, काशीपुरा, देवपुरा, मोहम्मदनगर सहित कई गावों का समर्पक टूट गया। काशीपुरा रपटा पर पानी आ जाने से महात्मा गांधी विद्यालय के बच्चे स्कूल नही जा सके। जिला कलेक्टर सौम्या झा ने क्षेत्र का दौरा कर तहसीलदार इन्द्रजीत सिंह को दिशा निर्देश दिए। इसी तरह रानोली उप तहसील के राजकीय आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय, पंचायत भवन में जाने वाले रास्ते घाणा चौराहे सहित पुलिस चौकी में पानी भर गया है। जिसकी सुचना ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन को दी। सूचना पर कार्यवाही करते हुए रानोली पुलिस चौकी के जितेंद्र कुमार मीणा व जमादार केलाश बलाई जेसीबी मशीन लेकर जहां पानी का निकास बंद हो रहा था वहां पहुंच कर जेसीबी मशीन से निकास करवाया। मौके पर कस्बा पटवारी मनोजकुमार शर्मा भी पहुंचे। कस्बे में भारी बारिश हो ने से आमजन को काफी हद तक परेशानी उठानी पड़ रही है। कस्बे में जगह-जगह पानी भरा हुआ है। कहीं जगह कच्चे मकानों में पानी भर गया है जिसके चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। समाचार लिखे जाने तक रुक रुक कर बरसात हो रही।

### बीसलपुर पेयजल लाइन की समस्या को लेकर सरपंच से की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** खंणदेवत रोड स्थित कच्ची बस्ती पांच कुआं के निवासियों ने जुगलपुरा सरपंच शीला देवी मीणा के समक्ष जनसुनवाई में बीसलपुर पेयजल लाइन की समस्या की जानकारी दी। सैकड़ो महिला पुरुष ढाणी जुगलपुरा पंचायत कार्यालय जमात में पहूंचे और प्रार्थना पत्र के माध्यम से सरपंच में सचिव को अपनी समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा राज्य सरकार द्वारा जल मिशन योजना के तहत प्रत्येक गांव में बीसलपुर परियोजना का लाभ मिल रहा है। लेकिन पांच कुआं कच्ची बस्ती इस योजना से वंचित है। जिससे महिलाओं को दो किलोमीटर दूर से पीने का पानी भरकर लाना पड़ रहा है। इस दौरान सचिव जितेंद्र धाकड़ व सरपंच शीला देवी मीणा को पानी व सडक़ की समस्या के समाधान के लिए कहा। अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने समस्या को सुनकर। अति शीघ्र समस्या का समाधान करने के लिए कहा। ताकि कॉलोनी वासियों को सडक़ व पानी की समस्या से निजात मिल सके।

### तेरे नाम से ही मेरी पहचान है सांवरे श्याम मन्दिर में अरदास कीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** इंदिरा कॉलोनी स्थित श्याम मन्दिर में एकादशी पर मन्दिर प्रांगण में अरदास कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। एकादशी पर बाबा श्याम का कलकत्ता के फूलों से श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया गया। सांय सात बजे से रात्रि बारह बजे तक कीर्तन का आयोजन हुआ। अरदास कीर्तन में भजन गायक राजू खंडेलवाल, अनिल शर्मा, राकेश गुरुजी, रवि पारीक, महेश खण्डवाल व मनीष साहू सहित स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा तेरे नाम से ही मेरी पहचान है सांवरे, श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में, रात श्याम सपने में आए, तूने खूब दिया रे मेरे श्याम, थाली भरकर ल्याई र खीचडो ऊपर सूं डाली घी की बाटकी, जिमो जी म्हारा श्याम धणी जिमाव बेटी जाट की, कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभुजी चले आना, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, सालासर वाले बाबा वीर हनुमाना, देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ व मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने ये दोनों हाथ सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया। इस दौरान बाबा श्याम बाबा की महाआरती करके प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान मन्दिर कमेटी अध्यक्ष रवि अग्रवाल, रामचरण विजय, पुरषोत्तम शर्मा, सत्येंद्र पारीक, सर्वेश द्विवेदी, विनोद शर्मा, चेतन जैन, राकेश बोहरा व दीनदयाल शर्मा सहित सैकडों श्याम भक्त मौजूद थे।

### दो दिवसीय वार्षिक मेला आज व कल

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा के जयपुर रोड स्थित सुविख्यात फलोजी बालाजी महाराज के मन्दिर में दो वार्षिक मेला 2 व 3 अगस्त को लगेगा। मन्दिर महंत संत निर्मलदास जी महाराज ने बताया कि 2 अगस्त शुक्रवार को मन्दिर प्रागंण में मेले की पूर्व संध्या पर विराट भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षैत्र के कई सुविख्यात भजन गायक सम्पूर्ण रात्रि भजन प्रस्तुत करेगें। वहीं शनिवार 3 अगस्त को वार्षिक मेला आयोजित होगा।

## बारूद के ढेर पर बैठे है शहर के अवैध कोचिंग-ट्यूशन संस्थान

### समय पर नहीं चेते तो यहां भी हो सकती है अनहोनी, टीमें बनाकर करनी होगी सघन जांच

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** देश की राजधानीं दल्ली और जयपुर के बैसमेंट में हुए हादसों से सबक लेते हुए नहीं चेते तो शहर में भी अवैध् व तंग मकानों में चल रहे कोचिंग व ट्यूशन संस्थानों में ऐसी अनहोनी होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। जिला प्रशासन और नगर परषद को टीमें बनाकर ऐसे संस्थानों की सघन जांच करने की जरुरत है।



अवैध कोचिंग-ट्यूशन संस्थानों की जांच शुरू

टीम जाकर खंगाल रही कागज

एडीइओ के नेतृत्व में चल रही जांच कार्रवाई

जिला कलक्टर ने कहा, हम नजर रख रहें हैं

केन्द्र सरकार के कानून के खिलाफ चल रहे कोचिंग-ट्यूशन सेंटर पर कसे लगाम, जिला कमेटी का हो गठन

बेलगाम कोचिंग संस्थान बच्चों के भविष्य से कर रहे खिलवाड़, एक्ट के तहत इनका हो पंजीयन

**मानको की पालना नहीं :** शहर में कुकरमुत्ते की तरह ट्यूशन संस्थान पनप गए हैं। छोटे-छोटे तंग और सीलन वाले कमरों में बच्चों को भेड़-बकिरयों की तरह ठूंसकर पढ़ाया जा रहा है। इन संस्थानों में कक्ष ना तो हवादार और खुले-खुले है और ना ही उनमें संकटकालीन दरवाजे और उपकरण है। कई संस्थानों में तो छात्र-छात्राओं के लिए पीने के शुद्ध पानी की व्यवस्था भी नहीं है। छात्राओं के लए हेल्प डेस्क तक नहीं है।

#### सरकार को लगा रहे चूना

शहर में चल रहे कोचिंग व ट्यूशन संस्थानों में से अधिकतर आवासीय मकानों में चल रहे है। ये संस्थान व्यावसायक दर के बजाए घरेलू दर से बिजली का उपभोग कर सरकार को चूना लगा रहे है और नगर पिरषद को हाउस टैक्स भी नहीं दे रहे है। इन संस्थानों का पंजीकरण भी नहीं है तो सरकार इनसे मिलने वाले सर्विस टैक्स से भी वंचित है।

### रामप्रसाद सोनी जिलाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षैत्र के लाम्बाहरिसिंह निवासी समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी व भामाशाह रामप्रसाद सोनी तूनगर को राजस्थान मेढ़ स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोशिसन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। एसोशियसन के अध्यक्ष हंसराज कडेल ने एसोशियसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से लाम्बाहरिसिंह निवासी लाम्बाहरिसिंह निवासी समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी व भामाशाह रामप्रसाद सोनी तूनगर को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष नए जिलाध्यक्ष को जिला कार्यकारिणी का गठन करने, समाज एवं एसोशियसन के हित व विकास में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। रामप्रसाद सोनी के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, रतनलाल सोनी, रामकिशोर सोनी, सत्यनारायण स्वर्णकार, बालकिशन सोनी सहित स्वर्णकार समाज मालपुरा व लाम्बाहरिसिंह के सरपट भैया व पदाधिकारियो व समाजबंधुओं ने रामप्रसाद सोनी के जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई देकर प्रदेशाध्यक्ष का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोनी ने भी जिलें के सम्पूर्ण समाज को साथ लेकर समाज विकास में भागीदार बनने एवं समाज हित में कार्य करने का आश्वासन दिया है।

### कावड़ियो का राधा चौधरी ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षैत्र के तिलांजू ग्राम के कावड़िए बीसलपुर से पवित्र जल लेकर अपने गावं आते समय जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधी के रूप में उनकी धर्मपत्नि श्रीमति राधा चौधरी ने कावड़ियो पर पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया।

कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि गुरूवार को बीसलपुर बांध से पवित्र जल लेकर तिलांजू स्थित भगवान शंकर का जलाभिषेक करने के लिए नाचते गाते एवं भगवान शंकर के जयकारो से गूंजायमान करते हुए कावड़िए टोडा में जलदाय मंत्री के आवास के बाहर पहुंचे। यहां काविड़यो को रोक कर प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिघि के रूप में उनकी धर्मपत्नी राधा चौधरी ने कावड़ियो के साथ भगवान के जयकारे लगाकर सभी कावड़ियो पर पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया। साथ ही सभी कावड़ियो को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान कावड़ियो की ओर से भी श्रीमती चौधरी का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

### ग्रामीण बालिका छात्रावास की बालिकाओं से कलक्टर हुई रूबरू

#### छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की दी सीख

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा मालपुरा प्रवास के दौरान दूदू रोड पर जाट सेवा समिति द्वारा संचालित ग्रामीण बालिका छात्रावास पहुंच बालिकाओ से रूबरू होकर बालिकाओ को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सीख दी।



जिला कलक्टर डॉ. बुधवार को देर शाम मालपुरा में डिग्गी मेला मीटिंग के बाद जाट सेवा समिति के आव्हान पर दूदू रोड पर समिति द्वारा संचालित ग्रामीण बालिका छात्रावास पहुंची। यहां पहुंचने पर समिति अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल , महामंत्री रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारी व सदस्यो ने जिला कलक्टर की अगवानी कर अभिनन्दन किया। इस दौरान जिला कलक्टर छात्रावास में रहकर अध्ययनरत छात्राओं से रूबरू होकर उनका हौसला बढ़ाया। जिला कलक्टर डॉ. झा ने छात्राओं से रूबरू होकर कहा कि छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित आगे बढ़ते रहना है।

अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज देश व विदेश में भारत की महिलाऐं अपने काम की छाप छौड़ रही है।

देश के हर क्षेत्र में महिलाओं का दबदबा कायम है। इसको आगे जारी रखने के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। उँचे हौसले व जज्बे के साथ बिना चिन्ता किए लगातार आगे बढ़ते रहें जिससे आगे चलकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सफलता प्राप्त होगी। छात्राओं को देश के विकास में भागीदार बनने का संकल्प होना चाहिए। इस दौरान छात्राऐं भी जिला कलक्टर से मिलकरद काफी खुश नजर आई। इस दौरान जाट सेवा समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजुद रहे। जिला कलक्टर के साथ विशेष रूप से तहसीलदार राहुल पारीक, पंचायत समिति के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट मौजुद रहे।

### प्रभुबाड़ोलिया ने डॉ. राधामोहन अग्रवाल से की मुलाकात, बधाई दी और टोंक आने का दिया न्यौता



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** जिला भारतीय जनता पार्टी मंत्री प्रभु बाड़ोलिया ने राजस्थान भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी सांसद डॉ राधामोहन अग्रवाल से मुलाकात कर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी और टोंक आने का न्यौता दिया। बाड़ोलिया ने अग्रवाल से कहा क आपका सरल और सौम्य स्वभाव हम कार्यकर्ताओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। बाड़ोलिया ने बताया कि प्रदेश प्रभारी से जिला संगठन को लेकर भी चर्चा हुई।

### एमजेआरपी यूनिवर्सिटी की छात्रा मोहिनी सिंह ने शूटिंग में जीता सिल्वर मेडल

#### 50 मीटर फ्री पिस्टल जूनियर वूमेन इवेंट में दिखाई प्रतिभा

#### चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने मोहिनी को दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ टोंक ( का.स. )।** महात्मा ज्योति राव फूले यूनिवर्सिटी की बीपीटी प्रथम वर्ष की छात्रा मोहिनी सिंह ने स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल्स जीता है। छात्रा ने यह सिल्वर पदक जगतपुरा शूटिंग रेंज में आयोजित 22वीं राजस्थान स्टेट चैंपियनशिप में 50 मीटर फ्री पिस्टल जूनियर वूमेन इवेंट में जीता। हाल ही में आयोजित 15 दिवसीय इस शूटिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के 5000 से अधिक शूटर्स ने भाग लिया था। इस उपलब्धि पर एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने मोहिनी को बधाई दी। उन्होंने मोहिनी को 9—10 अगस्त को दिल्ली में होने वाली इंडियन टीम ट्रायल में कामयाबी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना भी की। इससे पहले मोहिनी सिंह पश्चिमी बंगाल में हुई प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर व चतुर्थ महावीर टॉप शॉट शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी हे।



### आठ दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में पशु अनुवाशिंकी एवं प्रजनन विभाग के लेक्चर हॉल में निदेशक अरूण कुमार तोमर की मौजुदगी में आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापनल हुआ। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. अमरसिंह मीणा ने बताया कि शिविर में लद्दाख क्षैत्र के पशु चिकित्सा अधिकारीयो ने दक्ष प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण दिया। अपने उद्बोधन में निदेशक डॉ. तोमर ने कहा कि आठ दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जो ज्ञान प्राप्त किया है उसका लाभ पश्मीना उत्पादो की शुद्धता व प्रयोगशाला स्थापित करने में मिलेगा। तोमर ने बताया कि यह प्रशिक्षण भारत सरकार के टेक्सटाइल मंत्रालय की ओर से लद्दाख क्षैत्र के पश्मीना उत्पादो को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने के किया जा रहा है। निदेशक डॉ. तोंमर ने इस दौरान प्रशिक्षणार्थीयो को प्रमाण पत्र प्रदान किए। समापन समारोह में कार्यक्रम निदेशक डॉ. सिद्धार्थ मिश्रा,विभागाध्यक्ष एजीबी डॉ. अजय कुमार, डॉ. आर.सी.शर्मा, डॉ. पी.के. मलिक, डा.नागराजन द्वारा भी सम्बोधित किया गया।

# बेसमेंट में बारिश का पानी भर जाने और छत गिरने से तीन लोगों की डूबने से मौत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के विश्वकर्मा थाना इलाके में बुधवार-गुरूवार की मध्यरात्रि को हुई भारी वर्षा के कारण सड़क किनारे बने बेसमेंट में बारिश का पानी भर जाने और छत गिरने से तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सिविल डिफेंस की टीम ने बेसमेंट से पानी को बाहर निकालने के लिए पंप लगाया। लेकिन तब तक तीनों की बारिश के पानी में डूबने से मौत हो गई।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा थाना इलाके के रोड नम्बर सात ब्रज नगर में बुधवार-गुरूवार की मध्यरात्रि को हुई भारी वर्षा के कारण सड़क किनारे बने बेसमेंट में बारिश का पानी भर जाने से पूर्वी (8),पूजा (19) और कमल (23) की मौत हो गई। जो बिहार के आरा के रहने वाले थे। मौके पर पहुंची सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम ने छह घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोपहर साढ़े बारह बजे तीनों के शवों को बाहर निकाला। वहीं काफी मशक्कत के बाद एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अशोक चौहान ने बताया कि पच्चीस साल पहले बिहार के आरा निवासी अशोक सैनी और बैजनाथ सैनी ने ब्रज नगर में प्लॉट नंबर 94-95 लिया था। यहां पर उन्होंने मकान बनाया था। सड़क इतनी बनी की उनका दो मंजिला मकान बेसमेंट बन गया। बुधवार-गुरूवार की रात को बारिश आने से अशोक के घर के पीछे वाले मकान में पानी भरा। इससे दीवार टूटी और एकाएक सड़क का पानी पीछे और आगे से उनके घर में घुस गया। इस दौरान अशोक की बेटी पूजा सैनी (19) और दोहिती पूर्वी (6) पुत्री हटवारु सैनी बेसमेंट में सो रही थी। बेसमेंट में पानी भरने से दोनों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और उनकी मौत हो गई।

वहीं अशोक के घर के बाद पानी बैजनाथ के घर में घुसा, जहां पर बैजनाथ का लड़का कमल शाह(23) था। बेसमेंट में भरे पानी से उसकी भी मौत हो गई। अशोक और बैजनाथ जयपुर में फैक्ट्री में काम करते हैं।

## सीएम ने की आर्थिक सहायता की घोषणा

जयपुर के विश्वकर्मा इलाके में बारिश के कारण हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसमें 4 लाख रुपए आपदा राहत कोष से और मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख रुपए दिए जाएंगे।

## एसडीआरएफ ने बेसमेंट में दबे तीनों शवों को निकाला बाहर

एसडीआरएफ कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि गुरुवार सुबह जिला कलक्ट्रेट कंट्रोल रूम जयपुर से पुलिस थाना वीकेआई के अन्तर्गत रोड नंबर 17 ब्रज नगर में एक मकान के बेसमेंट में पानी भरने एवं बेसमेंट की छत गिरने से कुछ लोगों के दबे होने की सूचना पर आपदा राहत एवं बचाव के लिए एसडीआरएफ एच कम्पनी जयपुर घटनास्थल के लिए रवाना किया। रेस्क्यू टीम प्रभारी दस जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमांडर ने स्थिति का जायजा लिया। वहीं बेसमेंट में दबे तीनों को बाहर निकालने के लिए स्थानीय प्रशासन, नगर निगम एवं सिविल डिफेन्स की टीम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, किन्तु अभी तक सफलता नहीं मिल पायी है। छत की पटिया आधी टूट कर लटकी हुई है, दीवारें जर्जर है जो कभी भी गिर सकती है। बेसमेंट का पानी बाहर निकालकर रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया जायेगा। इस पर रेस्क्यू टीम रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने नगर निगम, स्थानीय प्रशासन एवं सिविल डिफेंस की टीम के साथ मिलकर पम्पसेटों की सहायता से बेसमेंट में भरे पानी को बाहर निकाला। उसके बाद संयुक्त टीमों द्वारा रेस्क्यू रोप की सहायता से बेसमेंट में उतकर मलबे दबे तीनों शवों को दोपहर साढ़े बारह बजे तक बाहर निकालकर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

# एयरटेल ने राजस्थान में 27 लाख से अधिक अतिरिक्त नए घरों तक अपनी वाई-फाई सेवा का विस्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल ('एयरटेल') ने गुरुवार को घोषणा की है कि उसने राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा सहित 284 शहरों में 27 लाख से अधिक अतिरिक्त नए घरों तक अपनी वाई-फाई सेवा का विस्तार किया है। एयरटेल वाई-फाई के साथ, ग्राहक को न केवल विश्वसनीय हाई स्पीड की वायरलेस इंटरनेट सेवा मिलती है, बल्कि असीमित स्ट्रीमिंग, 20 से अधिक ओटीटी सेवाओं और 350 से अधिक टीवी चैनलों सहित कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप का उपयोग करके या 8130181301 पर कॉल कर एयरटेल वाई-फाई बुक करने का ऑर्डर दे सकते हैं। भारती एयरटेल के राजस्थान सीईओ मारुत दिलावरी ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एयरटेल वाई-फाई अब राजस्थान के हर कोने में पहुंच गया है। एयरटेल वाई-फाई के साथ, ग्राहक 20 से अधिक ओटीटी, 350 से अधिक टेलीविजन चैनलों और एक विश्वसनीय हाई स्पीड वाली वायरलेस वाई-फाई सेवा से मनोरंजन के विस्तृत विकल्पों का लाभ किफायती टैरिफ रु 699 प्रति माह पर उठा सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ग्राहक इसका अधिकतम लाभ उठाएंगे और अंतहीन मनोरंजन का आनंद लेंगे।'

# जयपुर की सामाजिक-नागरिक एवं व्यापारिक संस्थायें करेगी कलराज मिश्र का नागरिक अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** संस्कृति युवा संस्था और जयपुर नागरिक अभिनन्दन समारोह समिति की और से राजस्थान के निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र का नागरिक अभिनन्दन समारोह शुक्रवार को होटल क्लार्क्स आमेर में दोपहर तीन बजे भव्य तरीके से आयोजित किया जायेगा। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि कलराज मिश्र ने अपने कार्यकाल में प्रदेश की जनता को भरपूर स्नेह और सम्मान दिया साथ ही कोविड के समय अभूतपूर्व काम किया। कलराज मिश्र ने संविधान पार्क की स्थापना राजभवन में और प्रत्येक विश्वविद्यालय में कर अभूतपूर्व कार्य किया है। साथ ही सबसे अधिक दीक्षांत समारोह आपके कार्यकाल में हुये। आप सदैव सक्रिय रहे और प्रदेश भर में दौरे कर आम जन के साथ जुड़े रहे। ऐसे में जयपुर की सभी सामाजिक संस्थाओं ने निर्णय लिया है कि कलराज मिश्र जी का नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा। स्वागताध्यक्ष गोकुल माहेश्वरी एवं कार्यक्रम संयोजक बी.एम. शर्मा ने बताया कि इस समारोह में सामाजिक, व्यापारिक, नागरिक संगठनों के पदाधिकारी कलराज मिश्र का अभिनंदन करेगें। प्रदेश में पहली बार किसी राज्यपाल के विदाई के अवसर पर नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा।

# हिस्ट्रीशीटर नकबजन चढा पुलिस के हत्थे दस लाख का चोरी का सामान बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी)ने चित्रकूट थाना इलाके में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए शातिर नकबजन प्रवीण कुमार उर्फ मोन्टू को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से नकबजनी का लगभग 12 तोला सोने की ज्वेलरी, चांदी लगभग 450 ग्राम के ज्वेलरी, आर्टिफिशियल की ज्वेलरी का अन्य सामान, वारदात में प्रयुक्त दुपहिया वाहन एवं नकबजनी की वारदात में प्रयुक्त नकब बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित पुलिस थाना अलवर गेट जिला अजमेर का सक्रिय हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। पुलिस की माने तो गिरफ्तार आरोपित से नकबजनी में कुल लगभग 10 लाख का चोरी का सामान बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि चित्रकूट थाना इलाके में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए शातिर नकबजन प्रवीण कुमार उर्फ मोन्टू (40) निवासी अलवर गेट जिला अजमेर हाल फागी जिला जयपुर किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीण कुमार उर्फ मोन्टू नकबजनी की वारदात एवं नशा करने का आदि है। आरोपित सूने मकानों की रेकी करके अकेला ही वारदात करता है, पुलिस थाना अलवर गेट जिला अजमेर का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके विरुद्ध लगभग 23 प्रकरण चोरी, नकबजनी एवं मारपीट के प्रकरण दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ में और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

# 3 अगस्त को सूरतगढ़ मिलिट्री स्टेशन में सैन्य उपकरण व सैन्य बैंड की प्रदर्शनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** छात्र छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए 'अपनी सेना को जानें ' अभियान के तहत 'वेलर इन प्लेंटी' ब्रिगेड की ओर से सूरतगढ़ सैन्य छावनी, परेड स्थल में 3 अगस्त को सैन्य उपकरण व सैन्य बैंड प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा । जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि इसमें सैन्य हथियारों और उपकरणों को प्रदर्शित किया जायेगा, जिसमे इन्फेंट्री के हथियार, तोपखाने की तोपें , मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री के वाहन तथा आर्मी टैंक भी शामिल होंगे । इस प्रदर्शनी में छात्र एवं नौजवानों को सेना में शामिल होने के अवसरों के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा अग्निवीर योजना और सेना में अधिकारी बनाने के विविध अवसरों के बारे में मार्गदर्शन किया जायेगा । इस प्रदर्शन का लक्ष्य युवाओं को भारतीय सेना में आने के लिए प्रोत्साहित करना व आभास कराना है कि भारतीय सेना में कार्य करना जीवन जीने की एक शैली है न की सिर्फ एक व्यवसाय।

# आरएलएसडीसी के गठन की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आज

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) की ओर से शुक्रवार को शहीद स्मारक पर आरएलएसडीसी के गठन की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य के सभी विभागों, बोर्ड, निगम के ठेका कर्मचारियों को ठेकेदारों के शोषण से मुक्ति के लिए एक दिवसीय ध्यान आकर्षण धरना दिया जाएगा। इस एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में प्रदेश भर से हजारों की संख्या में ठेका कर्मचारी शामिल होंगे।

कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि ठेका कर्मचारियों के लिए बजट घोषणा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य भर के सभी ठेका कर्मचारियों को शोषण से मुक्ति के लिए रेक्सको की तर्ज पर राजस्थान लॉजिस्टिक सर्विस डिलिवरी कॉर्पोरेशन (आरएलएसडीसी) के गठन की घोषणा की गई थी। लेकिन राज्य सरकार में आरएलएसडीसी के गठन की प्रक्रिया का कार्य धीमी गति से चल रहा है और आज तक अधिसूचना जारी नहीं की गई।

जिससे राज्य भर के ठेका कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कर्मचारियों में व्याप्त रोष को देखते हुए शुक्रवार को शहीद स्मारक पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर सरकार का ध्यान आकर्षण के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। इस धरने में चिकित्सा पंचायतीराज सचिवालय, जन स्वास्थ्य उर्जा विभाग, आबकारी, कोष स्वायत शासन शिक्षा विभाग, कृषि व लेखा विभाग सहित राज्य के सभी सरकारी एवं बोर्ड निगम, आयोग के कर्मचारी भाग लेंगे।

संगठन के ओर से पहले सरकार का ध्यानापकर्षण के लिए पहले एक दिवसीय धरना दिया जाएगा, यदि इसके बाद भी सरकार ने इस मामले पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो संगठन की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# रामचन्द्रपुरा इकाई द्वारा द्वितीय मासिक बैठक और वृक्षारोपण अभियान आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** लघु उद्योग भारती-रामचन्द्रपुरा इकाई ने एसपी1-2316, तिजारिया पॉलीपाईप्स लिमिटेड, रामचन्द्रपुरा पर अपनी द्वितीय मासिक बैठक का आयोजन बुधवार को किया।बैठक में रामचन्द्रपुरा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमीगण और सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में लघु उद्योग भारती के प्रदेश मंत्री सुभद्र पापडीवाल, अध्यक्ष अनिल पारीक, और महासचिव प्रवीण जैन तिजारिया (अध्यक्ष, जयपुर रनर्स क्लब) ने सभी पधारे हुए सदस्यगणों का स्वागत किया। बैठक में वन्दे मातरम् गान गाया गया और उपस्थित सभी ने अपना-अपना परिचय दिया। रिको लिमिटेड, सीतापुरा इकाई के वरिष्ठ अधिकारीगण भी इस अवसर पर मौजूद थे। प्रदेश मंत्री सुभद्र पापडीवाल ने अपने उद्बोधन में मार्गदर्शन किया। इसके बाद अध्यक्ष अनिल पारीक ने महासचिव प्रवीण जैन तिजारिया को बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाने की अनुमति दी। महासचिव ने पूर्व में प्रसारित एजेण्डा के अनुसार विषयों को चर्चा के लिए प्रस्तुत किया। सदस्यों और रिको लिमिटेड के अधिकारियों ने इन विषयों पर विचार विमर्श किया और निर्णय लिए गए।बैठक के बाद, सभी सदस्यगणों ने मिलकर क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण किया और वृक्षों की सार-संभाल की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

# नारदपुरा विद्यालय में वृक्षारोपण और पौधों का वितरण किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बुधवार को नारदपुरा माध्यमिक विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सरपंच राजेन्द्र बुनकर, स्कूल स्टाफ मदन शर्मा, प्रिंसिपल सुश्री माया मीणा, अन्य स्टाफ सदस्य, विद्यार्थियों और नांगल सुसावतान के भामाशाह बाबूलाल मीणा ने मिलकर नारदपुरा और नांगल ग्रामवासियों को 200 छायादार और फलों वाले पौधों का वितरण किया। सरपंच राजेन्द्र बुनकर, नारदपुरा विद्यालय स्टाफ और संकल्प फाउंडेशन ने मिलकर आसपास के 5-6 किलोमीटर क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र बनाने के लिए अपनी संकल्पशीलता को दोहराया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग टीम को होटल ग्रैंड उनियारा में मिला फफूंद लगा मटन, एक्सपायरी डेट का अन्य खाद्य पदार्थ

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित हेरिटेज होटल ग्रैंड उनियारा पर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के अधिकारियों ने छापा मारा। जहां टीम को होटल के किचन में फफूंद लगा मटन, एक्सपायरी डेट का मल्टी ग्रेन आटा, सड़े हुए काजू, मंगोड़ी और अन्य खाद्य पदार्थ मिले हैं। इसके साथ ही किचन में सड़े हुए मशरूम, खराब पत्तागोभी समेत अन्य सब्जियां भी मिलीं।जिन्हें टीम के सदस्यों ने मौके पर ही नष्ट करवाया। अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि उन्हे काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि शहर के नामी होटलों में खराब क्वालिटी का खाना ग्राहकों को परोसा जा रहा है। इसे देखते हुए गुरुवार को ग्रैंड उनियारा होटल पर छापा मारा। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल के किचन और स्टोर को विजिट किया। वहां कई अनियमितताएं,एक्सपायरी डेट के खाद्य प्रोडक्ट और सड़ी-गली सब्जियां दिखीं। निरीक्षण के दौरान जब फ्रिज खोला तो उसमें तेज बदबू आ रही थी। पत्ता गोभी और मशरूम बिल्कुल सड़ गए थे। जन्हें ग्राहकों को खिलाने की तैयारी की जा रही थी। चावल सहित अन्य पदार्थ जो एक-दो दिन पहले ही बनाकर रख लिए थे। उन्हें भी परोसने की तैयारी में थे। इसी तरह फ्रिज में रखा मटन काफी दिन पुराना लगा और उसमें फफूंद जमी थी। स्टोर टीम के सदस्य पहुंचे तो वहां एक्सपायरी डेट के कई फूड प्रोडक्ट के पैकेट बरामद हुए। इसमें मंगोड़ी, काजू, मल्टी ग्रेन आटा, शरबत, सॉस समेत अन्य कई चीजें थीं, जिन्हें टीम के सदस्यों ने मौके पर ही नष्ट करवाया।

# डॉ. यादव ने वियतनाम में लहराया एमपीयूएटी का परचम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** एमपीयूएटी, उदयपुर के प्रोफेसर, डॉ. के.के. यादव ने वियतनाम की राजधानी हनोई में कृषि और संबद्ध विज्ञान में नवीन और वर्तमान प्रगति विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के मृदा एवं जल संसाधन प्रबंधन सत्र में 'टमाटर की उपज और मृदा के गुणों पर सिंचाई व्यवस्था और हाइड्रोजेल का प्रभाव' शीर्षक से एक शोध पत्र प्रस्तुत किया जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उन्हें मृदा विज्ञान विषय में शिक्षण में उत्कृष्टता पुरस्कार से भी नवाज़ा गया। टमाटर पर दो साल के प्रयोगों के आधार पर डॉ. यादव ने पाया कि 'फसल अमृत' नामक हाइड्रोजेल टमाटर की फसल की उपज और मृदा के गुणों में सुधार के साथ-साथ जल उपयोग दक्षता और जल उत्पादकता बढ़ाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस उपलब्धि पर एमपीयूएटी, उदयपुर के अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविंद वर्मा ने डॉ. यादव को बधाई दी और उनके द्वारा किए गए शोध कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय के संपूर्ण शोध समुदाय के लिए गौरव का क्षण है।

# महाभारत से प्रेरित म्यूजिकल डांस ड्रामा चित्रांगदा जयपुर में 3 अगस्त को




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित कहानी चित्रांगदा का मंचन जयपुर में 3 अगस्त को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में रात 7 बजे किया जा रहा है। महाभारत से प्रेरित इस डेढ़ घंटे के म्यूजिकल डांस ड्रामा को पहली बार जयपुर में और हिंदी में खेला जा रहा है। म्यूजिक डायरेक्टर शांतनु भट्टाचार्य के म्यूजिक द्वारा तैयार किया गया। यह नाटक मणिपुर साम्राज्य की पौराणिक राजकुमारी चित्रांगदा की अनकही कहानी पर आधारित है। अर्जुन की पत्नियों में से एक वह एक रानी, एक योद्धा, एक प्रेमिका, एक मां और इसके अलावा एक साहसी राजकुमारी थीं। जिन्होंने रूढ़िवादिता को खारिज कर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनकर अपने राज्य पर अनुग्रह के साथ शासन किया। नाटक में सुहासी धामी, संदीप सोपारकर, मौमिता पाल मुख्य भूमिका में हैं और इसकी डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और कोरिओग्राफर मधुमिता चक्रवर्ती है। चित्रांगदा एक सशक्त नारी की अविश्वसनीय शक्ति को दर्शाती संगीतमय नृत्य नाटिका है।

# गांजा-स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत शिवदासपुरा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजा-स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर बीना सांसी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित महिला के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 68 ग्राम एवं गांजा 984 ग्राम बरामद किया है। फिलहाल आरोपित महिला से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत सीएसटी ने शिवदासपुरा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजा-स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर बीना सांसी (21) निवासी दत्तवास जिला टोंक हाल शिवदासपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित महिला बीना सांसी मादक पदार्थ स्मैक व गांजा अपने भाई कैलाष चन्द सांसी निवासी करेडा बुजुर्ग तहसील निवाई दत्तवास जिला टोंक से स्मैक 4 हजार रुपये प्रतिग्राम एवं गांजा 20 हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से आई है और जयपुर शहर में छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचती है। पुलिस आरोपित महिला से अवैध मादक पदार्थ गांजा और स्मैक के सम्बन्ध में पूछताछ करने में जुटी है।

# तारानगर में बरसाती पानी बना जी का जंजाल, 154 एमएम बारिश
# मुख्य बाजार रास्ते और बस स्टेंड के रास्तों के घरो व दुकानो में घुसा पानी

बढ़ता राजस्थान

**साहवा/तारानगर।** तारानगर कस्बे में बुधवार रात्री से लेकर गुरुवार दोपहर बाद तक पूरे दिन रूक रूक बरसात होती रही। कस्बे में शाम तक कुल 154 एम एम बरसात दर्ज की गई। बरसात से एक और जहां किसानो के चेहरे पर रौनक ला दी तो वहीं कस्बो व शहर में आम आदमी का जीवन अस्त व्यस्त हो गया। खातियो का मोहल्ला, कुम्हारो का मोहल्ला, सरावगी धर्मशाला के सामने, पूराने व नये बस स्टैण्ड पर तो पानी 6 फिट से अधिक तक भर गया । मुख्य रास्ते अवरूद्ध हो गये । बरसाती पानी घरो के अन्दर घुस जाने से घरो में रखा सामान खराब हो गया । तारानगर के सरावगी धर्मशाला के आगे पानी भरने से मुख्य रास्ता अवरूद्ध होने से आम आदमी परेशान रहा तो वहीं पूराने व नये बस स्टैण्ड का मुख्य रास्ता बिल्कुल बन्द सा हो गया । सगतानी मोहल्ले, अम्बेडकर मुर्ती, पुराने बस स्टैण्ड, सीनियर सैकण्डरी स्कूल, नया बस स्टैण्ड व पुलिस थाने के सामने पानी भराव होने के कारण यातायात अवरूद्ध रहा, तो बस स्टैण्ड पर स्थित दुकानो के अन्दर पानी जाने से व्यापारियों का लाखो रूपये का कारोबार प्रभावित हो गया। उल्लेखनीय है कि तारानगर में यह जल भराव की समस्या बहुत पुरानी है जिसका स्थाई समाधान ना तो किसी जनप्रतिनिधि ने व ना ही किसी अधिकारी ने किया ।



हमेशा इस बरसाती पानी की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियो द्वारा बड़े बड़े दावे किए जाते है तथा चुनावो के समय आम जनता व व्यापारियों को झोली झोली भर के आश्वासन भी मिलते है लेकिन यह समस्या वर्षो से ज्यों की त्यों मुंह बाहे खड़ी है ।

**हर साल लाखों खर्च :** तारानगर का नगरपालिका प्रशासन हर साल इस पानी की निकासी के नाम पर किराये पर लिये हुए जनरेटर सैट लाखो रुपए का डिजल फूंक देता है तथा लाखों रूपये उनके किराये में लगा दिए जाते है लेकिन यह समस्या ज्यों की त्यों मुंह बाए खड़ी हुई है । तारानगर में जब बारिश प्रारम्भ होती है तो किसानो के चेहरे जहां खिलते है तो वहीं तारानगर कस्बे के बरसाती पानी भराव वाली जगह के आम आदमी व व्यापारियों के चेहरे मुरझा जाते है।

### जनप्रतिनिधि चुप क्यों है ?

कस्बेवासियों का कहना है कि तारानगर के वर्तमान कांग्रेस पार्टी के विधायक नरेन्द्र बुडानियां जो स्वंय इस समस्या से भलीभांति परिचित है, लेकिन पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार में भी इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया । लोगो का कहना है कि तारानगर में भाजपा के नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़, जो एकबार तारानगर के विधायक भी रह चुके है, राजस्थान में भाजपा सता में आई तब राठौड़ सरकार में महत्वपूर्ण पद पर रहे। वही इसबार चुनाव हारने के बाद भी महिने में एक या दो दिन तारानगर में आम जनता की समस्या भी सुनने आते है जो, भी इसी रास्ते से गुजरते है । लोगो का कहना है कि राजेंद्र राठौड़ को इसे गंभीरता से लेकर इस समस्या का स्थाई समाधान करवाना चाहिए।

# सरदारशहर में 16 घंटे में 112 एमएम बरसात मुख्य बाजार सहित निचले इलाके जलमग्न कई दुकानों और मकानों में घुसा पानी

## ताल मैदान स्थित जोहड़ की दीवार टूटी, शहर के मुख्य मार्गो का आवागमन बंद, पानी निकासी की व्यवस्था में जुटा प्रशासन

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर( सुरेश शर्मा )।** बुधवार शाम 4 बजे से रूक रूक हुई बारिश गुरुवार सुबह 8 बजे तक जारी रही। तहसील कार्यालय के अनुसार 16 घंटे तक हुई बारिश 112 एमएम बरसात दर्ज की गई। गुरुवार अल सुबह फिर हुई तेज़ बारिश के बाद मुख्य बाजार सहित निचले इलाके जलमग्न हो गये। पानी भराव के चलते स्कूल कालेज तथा मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, शिव मार्केट आदि स्थानों के प्रतिष्ठान बंद रहे, जिससे बाजारों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। भारी बारिश के बाद नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी व आयुक्त भगवान सिंह ने निचले इलाकों सहित मुख्य बाजार का अवलोकन किया और कर्मचारियों के साथ पानी निकासी के प्रयासों में जुट गये। भारी बरसात से राजवाला कुआं, घंटाघर, सब्जी मंडी, मुख्य बाजार, बोड़ीया कुआं, मोचीवाड़ा सहित करीब आधा किलोमीटर का क्षेत्र जलमग्न हो गया, जिससे बाढ़ जैसे हालात हो गए। कई जगहों पर 4 से पांच फिट तक पानी भर गया। जिसके कारण बाजार में स्थित कई दुकानों और घरों में पानी घूसने से लोगों को नुकसान का सामना करना पड़ा। वार्ड 45 सहित कई वार्डों में तेज बारिश से गलियां जलमग्न हो गई । गुरुवार को दिनभर लोग घरों में कैद रहे। कई घरों में अंदर तक पानी भर गया, जिससे लोगों का जरुरत का सामना भीग गया। लोगों को घरों से पानी बाहर निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पूरे शहर से आने वाले पानी के तेज बहाव से ताल मैदान स्थित प्राचीन जोहड़ की एक साइड की दीवार टूट गई। भारी बारिश के बाद ताल मैदान ने झील का रुप ले लिया। तहसील के गांव दूलरासर में अंडर ब्रिज के नीचे करीब 8 से 10 फिट तक पानी भर गया, जिसके कारण इस मार्ग पर पड़ने वाले करीब 7 गांवो का सम्पर्क सरदारशहर से टूट गया। लोगों के जरूरी कार्य ठप्प हो गए। आवागमन पूर्णतया बंद हो गया।



### स्कूल मे भरा पानी

देवासर बड़ा मे तेज बारिश से सीनियर स्कूल सहित गांव के मुख्य मार्ग व गुवाड़ मे पानी भर गया अध्यापक गुरमेज सिंह व ग्रामीण देवीलाल शर्मा ने बताया स्कूल मे विद्यार्थियों को ट्रैक्टर ट्रॉली से बाहर निकाला और पानी निकासी की व्यवस्था की। ग्रामीण इलाकों में भी अच्छी बरसात हुई, जिससे किसानों के चेहरे खिल गए। किसानों के अनुसार फसलों में इजाफा होगा। आपदा प्रबंधन हेतु ग्रामीण इलाकों में जल भराव और बाढ़ के दृष्टिगत पंचायत समिति विकास अधिकारी दिनेश चंद्र मिश्रा ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कंट्रोल रूम स्थापित किये गए । इसी प्रकार शहरी क्षेत्र में आपदा प्रबंधन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया।

# विमेंस विंग्स फाउंडेशन द्वारा महिला उद्यमिता और सशक्तिकरण को समर्पित मानसून एग्जिबिशन अंदाज 2.0 का आयोजन सफलता पूर्वक किया

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** विमेंस विंग्स फाउंडेशन द्वारा महिला उद्यमिता और सशक्तिकरण को समर्पित मानसून एग्जिबिशन अंदाज 2.0 का आयोजन 31 जुलाई को होटल इंद्रप्रस्थ रेजीडेंसी सफलता पूर्वक किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि गरिमा राठौड़ द्वारा किया गया जो स्वयं प्रतिभाशाली होम मेकर हैं और महिलाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के प्रयासों की पक्षधर रही हैंद्यद्य उन्होंने गणपति पूजन कर एवं फीता काटकर एग्जीबिशन की शुभ शुरुआत की। अपनी उद्बोधन में उन्होंने फाउंडेशन के प्रयास की सराहना की और कहां की महिलाओं को हर उसे कार्य को करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए जिसमें उनकी रुचि और प्रतिभा होद्यद्य प्रदर्शनी की हर दुकान का अवलोकन कर उन्होंने खरीदारी भी की। फाउंडेशन की अध्यक्ष रश्मि टोंग्या, उपाध्यक्ष डॉ रुचि कुलश्रेष्ठ,सचिव मनीषा खंडेलवाल और कोषाध्यक्ष मयूरी गर्ग ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा लगातार ऐसी महिलाओं की खोज की जा रही है जिनके हुनर को इस प्लेटफार्म के माध्यम से उद्योग में बदला जा सके जो उनकी आर्थिक उन्नति में सहायक होद्यद्य इस बार भी अंदाज 2.0 में कई नई प्रतिभाशाली महिलाओं की उद्यमिता को खोजा गया और उन्हें यह मंच प्रदान किया गया जिन में झालावाड़ के अलावा कोटा ,इंदौर ,सीकर, उदयपुर,रामगंज मंडी, बूंदी ,आदि की महिलाएं शामिल है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर मीनल अग्रवाल, डॉ कल्पना चतुर्वेदी, प्रीति बोहरा , सोनल खंडेलवाल, शेफाली अग्रवाल,प्रीति जाजू ,अंतिमा जैन और दीपिका गर्ग ने बताया कि एग्जीबिशन में 42 दुकानों पर महिला उद्यमियों द्वारा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया जिसे बड़ी संख्या में शहरवासियों ने न केवल सराहा बल्कि खूब खरीदारी भी की।

रक्षाबंधन का उत्सव समीप होने के कारण बड़ी संख्या में राखियों की बिक्री भी हुई। मीडिया हेड पूनम रौतेला, शिल्पी यादव ,अर्पिता कोठारी, राशि खंडेलवाल, आशा चौधरी,डॉ रिनी ठाकुर, उजमा खान और प्राची गुप्ता ने बताया कि विमेंस विंग्स फाउंडेशन ने महिलाओं की उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए 2021 में हुनर का हाट की अभिनव शुरुआत की थी और अब इस दिशा में लगातार मेहनत के बाद हर बार अत्यंत सार्थक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। महिलाओं द्वारा हाथ से तैयार उत्पाद जैसे फैब्रिक ,राखियां, हैंडीक्राफ्ट, बेकरी आइटम इत्यादि ग्राहकों द्वारा खूब पसंद किए गए और खरीदे गए। प्रदर्शनी में विशिष्ट अतिथि के रूप में सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती अनुप्रिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और लकी ड्रॉ निकाल कर चार विजेताओं अर्पिता कोठारी,रियो, देयान और गौरांश खंडेलवाल की घोषणा की जिन्हें रीत ब्यूटी जोन के निदेशक लक्ष्य अग्रवाल के सौजन्य से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। विमेंस विंग्स फाउंडेशन पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है और लगातार वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है ,इस प्रदर्शनी में भी प्रत्येक दुकानदार महिला को फाउंडेशन द्वारा तुलसी का पौधा उपहार स्वरूप दिया गया ताकि हर घर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया जा सके। एग्जीबिशन में सभी प्रमुख महिला सामाजिक संगठनों के अध्यक्षों ने भाग लिया जिन्हें सम्मान स्वरूप इको फ्रेंडली बैग भेंट किए गए। दुकान लगाने वाली सभी महिलाओं ने एग्जीबिशन के लिए विमेंस विंग्स के प्रयास की सराहना की और पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली।

# पूनम जोशी को मिली पीएचडी की उपाधि

बढ़ता राजस्थान

**साहवा( नि.स. )।** कस्बे के प्रेरणा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की अध्यापिका श्रीमति पूनम जोशी को टांटिया विश्वविद्यालय श्री गंगानगर द्वारा पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई। प्रेरणा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संचालक मण्डल के कमल कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमति पूनम जोशी पत्नी कमल कुमार शर्मा पुत्रवधु गुलाब चन्द्र शर्मा निवासी साहवा ने श्री गंगानगर के टांटिया विश्वविद्यालय से भूगोल विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। पूनम जोशी ने भूगोल विषय में जल गुणवता का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव तहसील हनुमानगढ़ के विशेष संदर्भ में अपना शौध कार्य पूरा किया। शौध कार्य पूरा होने पर विश्वविद्यालय द्वारा श्रीमति जोशी को अवार्ड जारी किया गया। शर्मा की इस उपलब्धि पर कस्बेवासियों सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ में मंजुबाला , राकेश मान ,माँगीलाल , शिवकरण गोदारा, प्रकाश चंद्र पारीक, कमल कुमार शर्मा ने बधाई दी। जिस पर श्रीमती पूनम जोशी ने महाविद्यालय स्टाफ और कस्बेवासियों का आभार जताया।



# फुलेरा कस्बा हुआ पानी से जल मग्न

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा,( नि.स. )।** कस्बे में अल सुबह चार बजे से हुई बारिश से मौसम खुशनुमा हुआ वहीं उमस से मिली राहत लेकिन फुलेरा कस्बा पानी से जलमग्न हो गया है। वहीं सब्जी मंडी स्थित गोविंद जी के मंदिर के पास का क्षेत्र पूरी तरह बारिश के पानी से लबालब हो गया जिसके चलते घरों में करीब 2 फीट पानी भर गया साथ ही कॉलोनियों की सड़के पानी से लबालब होने से रेलवे के बने अंडरपास में करीब तीन से चार फिट पानी भर जाने से दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली जिससे कुछ समय के लिए आवागमन रुक रहा।

# चाकसू क्षेत्र में रातभर से बारिश का दौर रुक रुककर जारी, 96 एमएम हुई वर्षा

## रामपुरा बुजुर्ग गांव में झाऊ तालाब की पाल टूटी, अधिकाशतः तलाबों में आया पानी

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** इस मौसम की पहली वर्षा ने क्षेत्र के अधिकाशत: तलाबों को लबाबब कर दिया कई कच्ची बस्तियों को जलमग्न कर दिया देर रात से शुरू हुई बारिश से रामपुरा बुजुर्ग गांव का झाहु तालाब की पाल टूट गयी जिससे उसका पानी निकलकर नीचे के गांवों में पहुंच गया जंहा पर एक तरह से बाढ़ के हालत हो गए है ।



तहसीलदार संदीप चौधरी के अनुसार क्षेत्र में देर रात से अब तक 96 एमएम से ज्यादा बारिश हुई है जो मौसम की सबसे बड़ी राहत है वही उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा , तहसीलदार संदीप चौधरी सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों ने उपखण्ड में हुई भारी बारिश व उससे हुए नुकसान की पल-पल की खबर ले रहे है। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है । वही जयपुर की द्रव्यनदी में पानी का जल स्तर बढ़ने से यंहा कोटखावदा रॉड पर छाँदेंल की ढूंढ नदी की रपट पर पानी बहाव तेज हो गया है लोग सम्भल कर नदी को पार कर रहे है । इस तरह टोंक रोड पर अरिहंत विहार केलोनी व गेस एजेंसी के पीछे स्थित कई कॉलोनी जल मगन हो गयी है। टोंक रोड पर सुबह देर तक पानी बहता रहा। रोड पर वाहन धीरे-धीरे रेंगते नजर आए। कस्बे का गोलीराव , मनोहरा , हलोराव सहित कई तलाबों में पानी की आवक जारी रही । क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा व पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने भी देर रात हुई बारिश के हालत की जानकारी अधिकारियों से ली और आवश्यक कदम उठाने की बात कही ।

# जलदाय विभाग की पक्की दीवार गिरी,पहली बारिश से कई इलाको में बिगाड़े हालात



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** चाकसू क्षेत्र में अब बारिश का सिलसिला तेज हो गया है। इसी के चलते कई स्थानों पर लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। चाकसू कस्बे सहित आसपास के इलाकों में बुधवार रात्रि 11.00 बजे से शुरू हुई कभी तेज कभी मध्य कभी रिमझिम बारिश गुरुवार रात्रि तक लगातार जारी रही। बारिश होने का नतीजा यह रहा कि शहर के कई निचले इलाकों में जल भराव की समस्या पैदा हो गई। कस्बे के बाजार सहित कहीं मोहल्ला में जल जमाव की स्थिति नजर आई। लगातार हो रही बारिश के चलते बुधवार रात्रि को वार्ड नंबर 5 गोलीराव तालाब स्थित जलदाय विभाग की पक्की दीवार कुशल राम रैगर के मकान की ओर गिर गई । हालांकि मकान की मुख्य दीवार दूर होने एवं उस समय आसपास कोई नहीं होने के कारण किसी प्रकार की हानि नहीं हुई है। लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण मकान की ओर पानी भर रहा है। मकान मालिक कुशल राम रैगर ने विभागीय अधिकारियों को सूचना देकर मलवा हटाने और दीवार को दुरुस्त करने की मांग की है। तेज बारिश के बाद गैस एजेंसी के पास टोंक रोड पानी में डूब गई। इस दौरान सड़क पर एक से दो फीट तक पानी नजर आया।

# ट्यूबवेल खोदने की रोक वाले बिल पर सरकार का यू-टर्न:बीजेपी विधायकों ने ही सवाल उठाए, डोटासरा बोले-सौ जूते, सौ प्याज साथ क्यों खाए?

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश में भू-जल प्रबंध प्राधिकरण बनाने के सरकार के प्रयासों को झटका लग गया है। भू-जल प्रबंध प्राधिकरण बिल को गुरुवार को विधानसभा में पारित करवाना था, लेकिन बिल पर बहस जैसे ही आगे बढ़ी, बीजेपी विधायकों ने इसके प्रावधानों पर सवाल उठा दिए। बहस पूरी होने से पहले ही सरकार ने यू-टर्न लेते हुए इसे विधानसभा की सिलेक्ट कमेटी को भेजने का फैसला कर लिया। जलदाय मंत्री ने बिल को सिलेक्ट कमेटी को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसके बाद स्पीकर ने इसे विचार के लिए कमेटी को भेज दिया है।

दरअसल, बीजेपी के ही विधायकों ने ही इसके प्रावधानों पर सवाल उठाए थे। वहीं, डोटासरा ने कहा- सौ जूते और सौ प्याज एक साथ खाने की जरूरत कहां थी, जब तैयारी नहीं थी तो बिल लेकर आने की जरूरत कहां थी। अब इस बिल पर विधानसभा की सिलेक्ट कमेटी विचार करेगी। सिलेक्ट कमेटी इसके विवादित प्रावधानों को बदलकर अपनी सिफारिशों के साथ रिपोर्ट देगी। सिलेक्ट कमेटी इस पर जितना चाहे उतना समय लगा सकती है। बिल को सिलेक्ट कमेटी को भेजने से अब भूजल प्रबंध प्राधिकरण को ठंडे बस्ते में डालने से जोड़कर देखा जा रहा है।

अब तक विधानसभा की सिलेक्ट कमेटी में भेजे गए ज्यादातर बिल वापस आना मुश्किल ही होता है। पहले भी जमीनी पानी के रेगुलेशन के लिए प्राधिकरण बनाने के प्रयास हुए थे, लेकिन यह धरातल पर नहीं आ पाया था।

### ट्यूबवेल खोदने पर भी रोक, कई पेनल्टी और चार्ज भी थे

भूजल प्रबंध प्राधिकरण बनाकर जमीन से पानी के दोहन पर रोक लगाने के कई प्रावधान किए जा रहे थे।

भूजल प्रबंधन प्राधिकरण से एनओसी लिए बिना ट्यूबवेल खोदने पर रोक लगाने का प्रावधान था। निजी इंडस्ट्रीज और घरेलू ट्यूबवेल खुदाई पर भी रोक का प्रावधान था। जमीन से पानी निकालने पर कई तरह की राशनिंग करते हुए बहुत सी पाबंदियों के प्रावधान थे। उद्योगों के लिए जमीन से पानी निकालने पर टैक्स लेने और उनमें टेली मीट्रिक डिजिटल वाटर मीटर लगाए जाने का प्रावधान था।

### ट्यूबवेल खोदने से पहले प्राधिकरण से एनओसी लेने का प्रावधान

भूजल प्रबंध प्राधिकरण बनने के बाद जमीन से पानी निकालने के लिए एनओसी लेने का प्रावधान था। बिना प्राधिकरण की एनओसी के ट्यूबवेल खोदने पर जुर्माने का प्रावधान किया था। पहले डार्क जोन में ट्यूबवेल पर रोक थी, पीएचईडी के अलावा कोई ट्यूबवेल नहीं खोद सकता था। गहलोत सरकार ने किसानों और निजी प्रयोग के लिए ट्यूबवेल पर लगी रोक और एनओसी के प्रावधान को खत्म कर दिया था।

### भूजल प्रबंध प्राधिकरण में केवल अफसरों को ही अध्यक्ष और मेंबर बनाने का प्रावधान

भूजल प्रबंध प्राधिकरण में अध्यक्ष और 14 मेंबर का प्रावधान किया गया। अध्यक्ष से लेकर मेंबर तक सभी अफसरों को ही रखने का प्रावधान किया गया था।

# मां वाउचर योजना : गर्भवती महिलाएं अब पंजीकृत निजी सेंटर्स पर भी करा सकेंगी निशुल्क सोनोग्राफी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** जिले में गर्भवती महिलाओं को अब सोनोग्राफी के लिए राजकीय संस्थाओं के साथ-साथ चिन्हित पंजीकृत प्राइवेट सोनोग्राफी सेंटर पर भी सोनोग्राफी करवाने की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। इसके लिए सरकार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां-वाउचर) योजना लागू करने जा रही है। कोटपूतली बहरोड जिले में यह योजना संभवत: अगस्त से शुरू होगी।सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि इससे पहले इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत बारां, भरतपुर और फलौदी जिले में शुरू किया गया था। इसके बाद अब इसे प्रदेशभर में शुरू करने की तैयारियां की जा रही है। इसमें गर्भवती महिलाओं को क्यू-आर कोड आधारित ई-वाउचर मिलेगा। इससे योजना के तहत पंजीकृत प्रदेश के किसी भी सोनोग्राफी सेंटर पर निशुल्क सोनोग्राफी कराई जा सकेगी।




# कायसा में चारागाह भूमि पर वृद्धावस्था आश्रम के नाम कब्जा कर खोल दिया शराब का ठेका

## लॉकडाउन का फायदा उठाकर किया पक्का निर्माण
## 2017 व 2018 में हाईकोर्ट के आदेश से हटा था अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** नीमराना क्षेत्र के गांव कायसा में माजरीकलां-निहालपुरा सडक किनारे एक परिवार ने लॉकडाउन के चलते चारागाह भूमि पर वृद्धावस्था आश्रम के नाम अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया। कायसा गांव में जयपुर हाईकोर्ट की पी.आई.एल सख्या:11298/2016 दिनाक 17/10/2016 के आदेश से जनवरी और फरवरी 2017 व 2018 में प्रशासन द्वारा चारागाह भूमि पर से अतिक्रमण हटाया गया था। कोविड-19 के चलते जितेन्द्र स्वामी पुत्र कैलाश स्वामी और कैलाश पुत्र श्रीराम स्वामी ने वृद्ध आश्रम के नाम पर चारागाह भूमि पर कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। ग्राम पंचायत और हल्का पटवारी द्वारा निर्माण करते समय नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमणकारियों ने कार्य करते रहे। जिसके खिलाफ ग्रामीणो के द्वारा तहसीलदार और उपखण्ड अधिकारी नीमराना को भी लिखित में शिकायत की थी लेकिन प्रशासन कोविड- 19 के चलते मौका नहीं देखा और अतिक्रमणकारी ने करोड़ों की जमीन पर पक्का निर्माण कर कब्जा कर लिया था। हल्का पटवारी ने लैंड रिकार्ड रुल 91 की कार्यवाही कर दी तथा अतिक्रमण हटाने के आदेश भी हो गये थे।लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। वर्तमान मे उक्त वृद्ध आश्रम के स्थान पर शराब का ठेका चल रहा है। हाल राजस्व रिकार्ड कायसा में खसरा नं 1965 चारागाह भूमि दर्ज । व हल्का पटवारी कायसा की रिपोर्ट में भी चारागाह भूमि ही दर्ज है। इसके बावजूद भी कैलाश स्वामी ने शराब ठेकेदार को उक्त चारागाह भूमि का स्टाम्प पेपर पर किराया नामा लिख कर दे दिया। जिला आबकारी अधिकारी बहरोड़ गिरधर शर्मा को भी लिखित शिकायत दी है।

## शासकीय भूमि अतिक्रमण पर चला प्रशासन का पीला पंजा

# अतिक्रमण मुक्त भूमि पर हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किया जाएगा पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( नि.स. )।** कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में भू-माफियाओं को विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। नारायणपुर उपखंड अधिकारी लक्ष्मी नारायण बुनकर के मार्गदर्शन में राजस्व दल तथा वन विभाग द्वारा नारायणपुर उपखंड के ग्राम मुंडावरा मे खसरा नंबर 2212 रकबा 40.87 तथा खसरा नंबर 2210 रकबा 1.27 से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई।

उक्त अतिक्रमित भूमि पर चारों तरफ पक्की दीवार का निर्माण किया गया था जिसके अंदर एक कच्ची झोपड़ी तथा अन्य पक्की संरचनाओं बनी हुई थी जिनको प्रशासन तथा वन विभाग द्वारा जेसीबी के माध्यम से जमींदोज किया गया तथा चारागाह भूमि को ग्राम पंचायत मुंडावरा के सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी को सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों हुई राजस्व अधिकारियों की मीटिंग में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा सभी राजस्व अधिकारियों को सभी शासकीय भूमियों को अतिक्रमण से मुक्त कर हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण करने के निर्देश प्रदान किए गए थे इसी क्रम में नारायणपुर उपखंड में लगभग 160 बीघा शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर भूमि पर लगभग 5 हजार पौधे रोपित कर राज्य सरकार की मनसा के अनुरूप क्षेत्र को हरा भरा करके आदर्श चारागाह विकसित कर हरियालो राजस्थान की मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा। कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गोचर भूमियों पर पौधारोपण किया जा रहा है, लोग स्वतः आगे आकर अतिक्रमण हटाकर पौधारोपण करवाएं तथा राज्य व्यापी इस मुहिम को सफल बनाने का प्रयास करें। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने इस कार्यवाही पर आभार प्रकट किया। इस मौके पर नारायणपुर उपखंड अधिकारी लक्ष्मीनारायण बुनकर, तहसीलदार लोकेश कुमार तथा वन विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

# मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## भाजपा सरकार पर लगाए जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने के आरोप

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को धौलपुर जिले में धरना प्रदर्शन किया गया। शहर के गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेसियों ने धरना देते हुए भजनलाल सरकार पर निशान साधा।

मूलभूत समस्याओं को लेकर दिए गए धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दुर्गादत्त शास्त्री ने बताया- वर्तमान सरकार के समय लोग मूलभूत समस्याओं को लेकर परेशान हैं। उन्होंने बताया- धौलपुर जिले से जीवनदायनी चंबल नदी गुजर रही है, जिससे भरतपुर और अलवर तक पानी जा रहा है, जबकि धौलपुर जिले के लोग अभी तक प्यासे हैं। उन्होंने बताया कि बिजली को लेकर धौलपुर जिले के लोग खासे परेशान हैं। धौलपुर में थर्मल पावर होने के बावजूद भी जिले के लोगों को बिजली की सप्लाई नहीं मिल रही है। कांग्रेसियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा सरकार पर जनहितैषी योजनाओं को बंद करने के आरोप लगाए गए। प्रदर्शन के दौरान मौजूद कांग्रेस जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा के साथ पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव सुधांशु पंत पर भी प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के इशारों पर काम करने के आरोप लगाए। प्रदेशव्यापी आह्वान पर किए गए धरना प्रदर्शन के दौरान जिला स्तरीय कार्यकारिणी के कार्यकर्ता दुर्गा दत्त शास्त्री कांग्रेस से बाड़ी से ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना अनिल अरेला मनीष मंगल राजकुमार भारद्वाज रोशनी शिवहरे अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ वरिष्ठ कांग्रेसीजन भी मौजूद रहे।

# शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था पर एडवोकेट मुकेश जायसवाल ने सफाई ठेकेदार फर्म पर मुकदमा दर्ज करवाया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** गुरूवार को एडवोकेट मुकेश जायसवाल निवासी रणजीत नगर अलवर ने थाना शहर कोतवाली में नगर निगम के सफाई ठकेदार फर्म व सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ शहर की सफाई को लेकर एक शिकायत पेश कर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की।

एडवोकेट मुकेश जायसवाल ने शिकायत में बताया कि नगर निगम से शहर का कचरा उठाने व सफाई करने का ठेका दौ कम्पनियां मैसर्स हाईटेक सिक्योरिटी व त्रिमूर्ति एन्टरप्राईजेज ने ले रखा है। अपनी निजि मांगों को लेकर दोनों कम्पनियों के सफाईकर्मी गत सात दिनों से हडताल पर है जिस कारण शहर के 65 वार्डों में करीब दो हजार टन कचरा घर व बाजारों में जमा हो गया है और इस कारण पूरे शहर में सडन- बदबू फैल रही है और पूरा वातावरण दूषित हो रहा है। इससे शहर के लोगों के जीवन पर खतरा बना हुआ है। दोनों फर्मों के ठकेदारों की घोर लापरवाई व गैर जिम्मेदारी के कारण महामारी फैलने के पूरे-पूरे आसार बन चुके है। हर गली मौहल्ले से आमजन का निकलना दूभर हो गया है। घरों के सामने नालियों में बरसात की वजह से कचरा भरने से सडांध फैल रही है। मीडिया खबरों के मुताबिक निगम से सफाई का ठेका लेते समय दोनो सफाई फर्मों पर यह शर्त लिखित में लगाई गई थी कि यदि किसी कारण से उनके द्वारा नियुक्त सफाईकर्मी कार्य नहीं करते है तो सफाई करवाने की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदारों की होगी अन्यथा निगम अधिकारी तुरन्त प्रभाव से ठेकेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवायेंगे लेकिन कथित मिलिभगत से उक्त निगम अधिकारी कोई कार्यवाही ठेकेदारों के खिलाफ नहीं कर पाये।

एडवोकेट मुकेश जायसवाल ने अपनी शिकायत में बताया कि शहर के आम व खास जन की जान पिछले सात दिनों से जोखिम में डली हुई है। जनहित घोर समस्या को देखते हुए निगम सफाई ठेकेदार व सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ जानबूझकर महामारी फैलाने की स्थिति पैदा करने, आमजन की जान जोखिम डालने जैसे गंभीर अपराध को मध्येनजर रखते हुए दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाई अमल में लाये जाने की मांग की।

# कावड यात्रियों के आगमन पर पावटा में किया भव्य स्वागत मंत्रोच्चारण के साथ आज होगा भगवान शिव का जलाभिषेक

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** कावड यात्रियों के पावटा पहुँचने पर क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। गौरतलब है कि बाबा भूतनाथ कमेटी जोहडा धाम के तत्वाधान में शिव भक्तों का दल गंगोत्री व हरिद्वार से कांवड लेकर गुरुवार सवेरे पावटा पहुंचे पावटा आगमन पर जोहडा धाम महन्त जयराम दास त्यागी के सानिध्य में कस्बे के पुराने पट्रोल पम्प के पास कांवड यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया।

तथा डी. जे. के धुन के साथ बाबा भोले के जयकारों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए जोहडा धाम मन्दिर प्रांगण तक पहुँचाया गया। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कांवड यात्रियों का स्वागत किया। कमेटी सदस्य दिनेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनकल्याण के लिए शुक्रवार को महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा भोले की मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया जायेगा। इस दौरान समाजसेवी गोपाल अग्रवाल,राजेश शर्मा, शिक्षाविद दुर्गादत्त भारद्वाज , दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा, रामावतार शर्मा, समाजसेवी कन्हैयालाल मीणा, विकास पुजारी, विप्र वाहिनी तहसील अध्यक्ष दीपक पटेल, ललित शर्मा, विप्र फाउंडेशन पावटा इकाई अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश गोड सहित बडी संख्या में क्षेत्रवासी एवं शिवभक्त उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर ने सरुंड थाने का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने पुलिस थाना सरूडं का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस स्टेशन में स्थापित परामर्श केन्द्र को सुसज्जित एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिए।जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने पुलिस थाना परिसर में स्वागत कक्ष, पुरुष एवं महिला बंदी गृह, महिला डेस्क, परामर्श केन्द्र एवं मालखाना का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने पुलिस स्टेशन की कार्य प्रणाली की जानकारी लेकर रिकार्ड संधारण एवं अपराधों की रोकथाम के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि परामर्श केन्द्र को सुसज्जित एवं आकर्षक बनाया जाए। पुलिस स्टेशन आने वाले पीड़ित परिवारों की समस्याओं का परामर्श केंद्र के माध्यम से आपसी समझाइश करते हुए समाधान का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशन में आने वाले परिवादियों के साथ सद्भावपूर्ण व्यवहार करते हुए उनको यथासंभव राहत प्रदान करवाएं। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर क्षेत्र को पूरी तरह स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्मन तामील करवाने तथा पेंडिंग मुकदमों के विषय पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने थानाधिकारी से अवैध खनन तथा परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कहा।इस दौरान डीएसपी राजेंद्र बुरड़क, थानाधिकारी रामकिशोर सहित पुलिस थाने के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# विवाहिता लापता मामले में कार्यवाही नहीं होने के कारण महिलाओं ने राजगढ़ थाने के आगे दिया धरना



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( अलवर )।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डोरोली से करीब तीन माह पूर्व एक विवाहिता लापता हो जाने के मामले में कार्यवाही नही होने को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के रैणी ब्लॉक अध्यक्ष पुखराज गुर्जर के नेतृत्व में आक्रोशित ग्रामीणों ने राजगढ़ पुलिस थाने के सामने धरना दिया। पुखराज गुर्जर ने बताया कि गत मंगलवार को कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की तो आज पुलिस थाने के सामने धरना दिया। इस पर थानाधिकारी रामजीलाल मीना की समझाईश के बाद करीब ढाई घण्टे बाद धरना समाप्त किया। मीनाक्षी मीना ने बताया कि डोरोली गांव से एक विवाहिता लापता हो गयी थी। जिसको लेकर धरना दिया गया था। इस पर थानाधिकारी 10 दिन में कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। 10 दिन बाद भी अगर कोई कार्यवाही नही होती है पुलिस थाने के मैन गेट को बंद करके अनशन करेगे। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। थानाधिकारी रामजीलाल मीना ने बताया कि डोरोली गांव की एक महिला लापता हो गयी। इस संबंध में एमटीआर दर्ज है। जिस पर काफी तलाश की लेकिन महिला नही मिली। जिसको महिला के परिजन थाने पर आए थे। जिनको समझाईश कर एवं 10 दिन में कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# राशन विक्रेताओं ने बंद रखी राशन वितरण की दुकानें



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** राशन विक्रेताओं ने अनिश्चित कालीन हड़ताल को लेकर गुरुवार को विक्रेताओं ने राशन वितरण केन्द्र बंद रखे । कोटपुतली राशन डीलरो ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अपनी दुकानें बंद रखी । कोटपुतली राशन डीलर अध्यक्ष मुकेश कुमार गुर्जर ने बताया कि राजस्थान राज्य राशन विक्रेता संघर्ष समिति जयपुर के आहान पर आज से पूरे प्रदेश में राशन डीलर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है और कहा जब तक सरकार हमारी मांगों पर सुनवाई नहीं करती तब तक राशन डीलर हड़ताल पर रहेंगे, राशन विक्रेता को मानदेय कर्मी घोषित कर मासिक मानदेय 30000 रू. निश्चित किया जाए और गेहूं तोल में कमी के कारण 2 प्रतिशत छीजत दी जाए , गत माह से सभी प्रकार का बकाया कमीशन दिलवाया जाए जो कि कोविड 19 से पहले का बकाया चल रहा है प्रवासी गेहूं ,चना दाल, आंगनबाड़ी आधार सीडिंग , राशन विक्रेता की स्थिति काफी दयनीय हो गई है,इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार गुर्जर,उपाध्यक्ष बिरदी चंद सैनी , सचिव हंसराजपायला ,कोषाध्यक्ष कृष्ण सैनी,मीडिया प्रभारी ललित शर्मा,योगेश ,विजय रावत , अशोक सेहरा, ,चौथमल, श्यामलाल,पुष्कर , विजय सैनी, संजय कुमार शर्मा, कुम्भाराम,मौजूद रहे।

# बारिश से सड़कें बनी दरिया : ड्रेनेज सिस्टम हुआ फेल लोगों को करना पड़ रहा है परेशानी का सामना

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( शशिकांत शर्मा )।** क्षेत्र में चारों ओर पिछले 24 घंटों से सावन माह में बारिश की लगातार रिमझिम झड़ी लगी हुई है। मानसून की बारिश के चलते नगरपालिका पावटा - प्रागपुरा पालिका क्षेत्र के प्रागपुरा में सड़कें दरिया बन चुकी है जिनसे निरन्तर पानी बह रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि स्थानिय प्रशासन की लचर व्यवस्था से नालिया अवरुद्ध होकर चारों ओर वार्डों में अत्यधिक पानी भराव से ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है। जिससे सड़कों पर पानी भर गया है और लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रागपुरा निवासी असलम शेख फारुकी ने बताया कि नगर पालिका बनने से पूर्व यहां खुली नालियों के बजाय अंडर ग्राउंड पाईप लाईन दबाकर छोड़ दिया गया। इनमें बने चैम्बरों की समय पर साफ सफाई नही होने के कारण कचरा जमा हो जाता है जिससे नालियां अवरुद्ध होकर पानी सड़क पर बहने लगता है। यहाँ हल्की बारिश के मौसम में भी हालात बेहद ही खराब नजर आते हैं। जिसके बाद भी प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# कहासुनी के बाद युवक के सीने में घोंपी कैंची

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में आपसी कहासुनी के बाद एक युवक ने साथी के सीने में कैंची से वार कर घायल कर दिया। घायल युवक का एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है। युवक की अपने पार्टनर से हिसाब-किताब को लेकर कहासुनी हुई थी। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल बाबू लाल ने बताया कि संजय कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर निवासी आरिफ (36) पर जानलेवा हमला हुआ है। वह परिवार के साथ यहां रहकर कपड़े रंगाई का बिजनेस करता है। बिजनेस में पड़ोस उस्मान उर्फ लाखन उसका पार्टनर है। हॉस्पिटल में भर्ती आरिफ ने पुलिस को पर्चा बयान में बताया कि 26 जुलाई को वह उस्मान उर्फ लाखन के पास हिसाब करने गया था।

# हाई टेंशन लाइन टूटने से हुई युवक की मौत के बाद परिवार से मिलने पहुंचे विधायक

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** विधायक देवीसिंह शेखावत गुरुवार को हरसौरा में पिछले दिनों हाई वोल्टेज लाइन के टूटने से युवक की हुई मौत को लेकर परिजनों से मुलाकात की। विधायक देवी सिंह ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। विधायक ने जिला कलेक्टर और बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर मृतक सुंदर लाल सैनी के परिजनों को हर संभव सहायता करने के लिए कहा ।

पुलिस थाना कपासन व साईबर सैल टीम की संयुक्त कार्यवाही

# चित्तौड़गढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही, मध्यप्रदेश की अन्तर्राज्यीय पारदी गैंग के चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

## चित्तौरगढ़ ,कपासन में दो न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर दिन दहाड़े हुई 26 तोला सोने व 250 ग्राम चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान की नकबजनी की वारदातों का खुलासा कर चोरी का माल किया बरामद

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़( नि.स. )।** जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोषी द्वारा जिले में हुई नकबजनी व चोरियों के विरूद्ध कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले के समस्त पुलिस अधिकारीयों को निर्देषित किया गया। इसी क्रम में परबतसिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चित्तौडगढ एवं अनिल सारण पुलिस उप अधीक्षक वृत कपासन जिला चित्तौड़गढ़ के सुपरविजन में रतन सिंह पुलिस निरिक्षक थानाधिकारी थाना कपासन व साईबर सैल टीम की संयुक्त टीम गठीत की गई।

गठीत टीम द्वारा तकनीकी रुप से अनुसंन्धान करते हुए उक्त वारदात स्थल का मौका मुआयना कर तकनीकी डाटा एवं तकनिकी साक्ष्य जुटाए एवं घटना के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग प्राप्त कर घटना का रूटमैप तैयार किया। तकनिकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश करतें हुए रूट में आने वाले टोल प्लाजा वगैरा के करीब 200 जगह के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर तकनिकी डाटा का विष्लेषण कर आरोपियों को नामजद कर उनके बारे में सुचना प्राप्त कि, तो उक्त आरोपी आले दर्जे के नकबजन एवं खुखांर किस्म के अपराधी होने से टीम ने उनके संदिग्ध ठिकानों पर जगह-जगह दबीष दी। आरोपियों को मध्यप्रदेश के भोपाल, सिहोर व राजगढ़ जिलें के अलग-अलग स्थानों से डिटेन कर पुछताछ की जाकर गिरफतार किया। गिरफतार आरोपियों द्वारा नकबजनी, लूट एवं डकैती जैसे जघन्य अपराध कारित करना कबुल किया। उक्त आरोपी वारदात करने के बाद अपने ठिकाने बदल लेते है और कही पर भी सुरक्षित जगह पर झुग्गी लगाकर रहने लग जाते है, जिस कारण उनको पकडना बडा मुष्किल था पर गठीत टीम ने लगातार उनके ठीकानों का पता लगा उन ठिकानों पर दबिश देकर गिरफतार किये। गिरफ्तार आरोपियों से कपासन में न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवासों से चोरी किया गया माल 20 तोला सोना व 250 ग्राम चांदी के जैवरात व कीमती ब्राण्डेड घड़िया बरामद कर ली है, जिनकी कीमत 17 लाख से अधिक है। चोरी के शेष माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहें है। वहीं आरोपियों द्वारा नकबजनी की वारदात के समय प्रयुक्त की गई मारूती वेगर आर कार को भी जब्त किया गया हैं। आरोपियों को गुरूवार को न्यायालय में पेष कर चार दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया गया हैं।

### गिरफ्तार आरोपी

1. सचिन पिता साईसिंह पारदी उम्र 32 साल निवासी एहसान नगर झुग्गी नम्बर 13 थाना निशातपुरा भोपाल हाल रुनाह थाना नजीराबाद भोपाल।
2. पपुन पिता सहीसराज पारदी उम्र 28 साल निवासी डोडी थाना जावर जिला सिहोर मध्यप्रदेश।
3. रूपनारायण पिता सज्जन सिंह पारदी उम्र 28 साल निवासी दोराह जिला सिहोर मध्यप्रदेश।
4. रामबाबु पिता अमरलाल पारदी उम्र 30 साल निवासी दोराह थाना दोराह जिला सिहोर मध्यप्रदेश।




# हजरत दीवाना शाह का जन्मोत्सव व्यास परिवार के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** हजरत दीवाना शाह सा. का जन्मोत्सव यौमे पैदाईश 25 मोहर्रम एक अगस्त गुरुवार को मोमीन मोहल्ला स्थित कुटिया पर हजरत दीवाना शाह के प्रमुख शिष्य मांगीलाल व्यास परिवार के सदस्यों के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

व्यास परिवार के प्रतिनिधि भूवनेश व्यास ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति 25 मोहर्रम गुरुवार एक अगस्त को मोमीन मोहल्ला स्थित हजरत दीवाना शाह सा. की कुटिया पर परंपरा अनुसार महफिले मिलाद के साथ अलम (झंडा) चढ़ाने की रस्म अदा की गई।इस दौरान सईद भाई एण्ड पार्टी द्वारा महफिले मिलाद पढ़ी गई।इस दौरान महफिल पार्टी ने देश में हिंदू मुस्लिम एकता के प्रमुख सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की शान में रब का हर एक वली सुंदरम सुंदरम,मेरे ख्वाजा अति सुंदरम सुंदरम सहित हजरत दीवाना शाह द्वारा हस्तलिखित मनकबद आमना के कुंवर दुलारे मोरी नैया को पार लगा रे सहित कई कलाम प्रस्तुत किए।इसके उपरांत महफिले समा का आयोजन किया गया।जिसमें कव्वाल पार्टियों ने कई सूफियाना कलाम प्रस्तुत किए।महफिले मिलाद के बाद बैण्ड बाजों की मधुर स्वर लहरियों के मध्य ढ़ोल ताशों की गुंज के साथ प्रतिवर्ष की भांति हजरत दीवाना शाह के प्रमुख शिष्य मांगीलाल व्यास परिवार के सदस्यों एवं हिन्दू मुस्लिम अनुयायियों द्वारा कुटिया पर अलम पेश कर देश प्रदेश में अमन शांति एवं भाई चारा की दुआ मांगी गई।जन्मोत्सव के अवसर पर दीवाना शाह सा. की कुटिया प्रात:काल सात बजे से संपूर्ण दिन श्रद्धालूओं के दर्शनार्थ खुली रही।कुटिया पर दिनभर दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा।

जन्मोत्सव के उपलक्ष में व्यास परिवार द्वारा हजरत दीवाने शाह की कुटिया को फूल मालाओं से सजाया गया।कुटिया पर संपूर्ण दिन फूल माला इत्र चढाने एवं नन्हे बच्चों को तोलने का क्रम संपूर्ण दिन बन रहा।इस अवसर पर मांगीलाल व्यास परिवार के सोमप्रभाकर व्यास,प्रकाश व्यास, सूर्यप्रकाश व्यास,सत्यप्रकाश व्यास,मोहित व्यास, मयंक व्यास,यश व्यास,सिद्धार्थ व्यास,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप व्यास,छोटू व्यास,सैयद असगर अली,सैयद शरीफ अली,पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन,नगर पालिका पार्षद अकील शाह,पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,सैयद मुमताज अली,आजाद हुसैन,सलीम हुसैन,अभिषेक व्यास,अविनाश व्यास,मोहम्मद इदरीश,अंकित व्यास,सुनील कुमार शर्मा सहित कई अनुयाई उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर ने गंगधार उपखंड के डग, दुधालिया व गंगधार उपखंड का दौरा कर औचक निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिला कलेक्टर ने गुरुवार को गंगधार उपखंड के डग,दुधालिया व गंगधार उपखंड का दौरा कर औचक निरीक्षण किया।जिला कलेक्टर अजय राठौड़ ने मीडिया से रूबरू होकर अपने दौरे के बारे में जानकारी देते हुवे बताया कि डग पंचायत समिति का निरीक्षण किया जंहा जन सुनवाई के दौरान 125 एप्लिकेशनस मिली जिसमे चारागाह अतिक्रमण भूमि विवाद व प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य मामले को लेकर शिकायते मिली इनसभी के बारे में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया व कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। इसके बाद दुधालिया जाकर व्रक्षारोपन कार्य का श्री गणेश किया। इसके पश्चात क्षेत्र में बरसात के मौसम में कोई हादसा न हो इसके बारे में भी क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी ली ,इसके बाद गंगधार उपखंड का निरीक्षण किया गया।इस दौरान चौमहला व्यापार महासंघ ने गुरुवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात कर एक ज्ञापन देकर कस्बे में बन रहे अंडर पास का कार्य शीघ्र पूर्ण करवा कर आवागमन शुरू करवाने की मांग की।

व्यापार महासंघ ने अपने ज्ञापन में लिखा की कस्बे के रेलवे गेट नंबर 32 पर अंडर पास का निर्माण कराया जा रहा है,ठेकेदार द्वारा कार्य धीमी गति से किया जा रहा है,कार्य चलते चलते सात माह हो गए लेकिन अभी भी कार्य अधूरा है,जिस कारण लोगो को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है साथ ही कस्बे का व्यापार व्यवसाय चौपट हो गया,दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे है,व्यापार महासंघ ने कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की,जिला कलेक्टर ने व्यापारियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए डीआरएम कोटा से दूरभाष पर बात की,डीआरएम ने 15 अगस्त तक कार्य पूर्ण कर आवागमन शुरू करवाने का जिला कलेक्टर को आश्वासन दिया। व्यापार संघ ने जिला कलेक्टर से चौमहला चिकित्सालय में महिला चिकित्सक लगाने,सोनोग्राफी शुरू करवाने की मांग रखी।

### इस अवसर पर व्यापार महासंघ

सयोजक दिलीप जैन,किराना व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पिछोलिया, इलोक्ट्रोनिक व्यापार संघ अध्यक्ष किशोर गुप्ता,फुटवियर व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश तिवारी,मोबाइल व्यवसाय संघ अध्यक्ष प्रमोद मोदी, रमेश मोदी,अमित अग्रवाल आबिद हुसैन मोजूद रहे।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

# खाद्य सुरक्षा टीम ने कोटा में विभिन्न संस्थानों पर कार्यवाही करते हुए 9 नमूने लिए

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( नि.स. )।** प्रदेश सरकार की ओर से चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे है।

अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि गुरुवार को विज्ञान नगर स्थित टॉट रेस्टोरेंट से 2 नमूने वाइट व हरी चटनी के व डकनीय रेलवे स्टेशन स्थित तरुण ट्रेडर्स से रिफाइंड पाल्मोलीन तेल का व इंद्रप्रस्थ ईण्ड्सट्रीयल एरिया स्थित पापड़ बनाने की फैक्ट्री का निरिक्षण किया गया व 1 नमूना मूँग पापड़ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा टीम में बुद्धवार को सिंघाड़े के आटे में गड़बड़ी की सूचना पर विज्ञान नगर स्थित एक किराना स्टोर पर कार्यवाही करते हुए सिंघाड़े के आटे का नमूना लिया, किराना स्टोर द्वारा यह सिंघाड़े का आटा (अंजलि ब्रांड) रामपुरा स्थित फर्म से खरीदना बताया उसके आधार पर टीम ने रामपुरा स्थित फर्म पर कार्यवाही करते हुए सिंघाड़े का आटा , राजगीरी का आटा,काला नमक व सेंधा नमक (अंजलि ब्रांड) का नमूना लिया, रामपुरा स्थित फर्म ने यह माल भीलवाड़ा से खरीदना बताया। जांच में यदि गड़बड़ी पाई जाती है तो भीलवाड़ा स्थित फर्म पर भी कार्यवाही के लिए लिखा जाएगा। इस प्रकार कूल 9 नमूने खाद्य सुरक्षा एव मानक अधिनियम के अन्तर्गत लिए। नमूनो को खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला कोटा में भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन ,नितेश गौतम मौजूद रहे।

# अघोषित बिजली, पेयजल एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर आज धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़( नि.स. )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिले की समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 2 अगस्त 2024 को दोपहर 12.00 बजे जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट चौराहे पर जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया जाएगा। जिला प्रवक्ता हर्षवर्धन सिंह गाडन ने बताया कि राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा की जा रही अघोषित बिजली कटौती तथा बिजली की दरों में की गई वृद्धि, पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रहने तथा प्रदेश में बेपटरी कानून व्यवस्था के कारण फैली है अराजकता के विरोध में दिनांक 2 अगस्त 2024 को जिला मुख्यालय के कलेक्ट्री चौराहे पर राज्य सरकार के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन कर विरोध किया जाएगा, इस विरोध एवं धरना प्रदर्शन में राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी उदयलाल आंजना, पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी, शंकर लाल बेरवा, विधायक प्रत्याशी बद्रीलाल जाट, नगर परिषद सभापति संदीप शर्मा, जिला संगठन महासचिव महेंद्र शर्मा सहित प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी-सदस्य,ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर निकाय के चेयरमैन,जिला कांग्रेस,ब्लॉक कांग्रेस, मंडल कांग्रेस के पदाधिकारी, पंचायत राज के जनप्रतिनिधि,नगरनिकाय के जनप्रतिनिधि,अग्रिम संगठन,प्रकोष्ट एवं विभागों के पदाधिकारी एवं जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन एवं भाग लेंगे।

# चंबल की डाउन स्ट्रीम में हजारों मछलियां मरी, केमिकल रिसाव की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( नि.स. )।** शहर में बैराज की डाउन स्ट्रीम में बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां मिली है। बुधवार को इसका वीडियो सामने आया था। गुरुवार को भी डाउन स्ट्रीम में मरी मछलियों का वीडियो सामने आया है। वीडियो में चंबल की डाउन स्ट्रीम में चट्टानों पर ढेरों मछलियां मरी पड़ी नजर आ रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बैराज की डाउन स्ट्रीम में हजारों की तादाद में मछलियां मरी है। आशंका जताई जा रही है कि हाल ही में हुई तेज बारिश के कारण गत रविवार को बैराज के गेट खोले गए थे। ऐसे में पानी के तेज बहाव में बहकर आई मछलियां डाउन स्ट्रीम में चट्टानों से टकराने या फिर अवैध मत्सय आखेट में लिप्त लोगों की ओर से कैमिकल युक्त टोटा का उपयोग करने के कारण मछलियों की मौत हो गई।

# गुड टच बैड टच पर कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद रानी लक्ष्मीबाई शाखा कोटा द्वारा केशवपुरा गोद बस्ती में गुड टच बैड टच के विषय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। शाखा मुख्य संरक्षिका सारिका मित्तल ने बताया कि मुख्य वक्ता शोभा कंवर रहीं । कार्यशाला के अन्तर्गत वर्चुअल टच के विषय में जानकारी दी गई। बच्चों को विभिन्न प्रकार के स्पर्शों के बारे में बताया और प्रताड़ित होने पर बचने के उपाय के साथ सहायता नंबर 1098 की जानकारी दी गयी। पोस्टर बैनर के माध्यम से बहुत आसान सरल तरीके से समझाया गया संग में मोबाइल और ऑनलाइन डिलीवरी से दुर्घटना होने की आशंका के बारे में समझाया गया। शाखा अध्यक्ष अमीता मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रान्तीय एक शाखा एक बस्ती की प्रकल्प प्रभारी सोनल गोयल रही । कार्यक्रम संयोजक कविता अग्रवाल ने बताया कि बस्ती में स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन शैली विषय पर शाखा सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। अपने दैनिक जीवन में किन आदतों को अपनाकर स्वच्छ व स्वस्थ रहा जा सकता है नुक्कड़ नाटक द्वारा समझाया गया। कार्यक्रम के अंतिम भाग में प्रश्नोत्तरी रखी गयी ताकी बच्चों के मन को समझा जा सकें। कार्यशाला में लगभग 100 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में साधना अग्रवाल, रीता गुप्ता, अंजू चौहान, रेखा गोयल , लता शर्मा, दिव्या, रेखा गोयल आदि की उपस्थिति रही। संचालन रोहिणी शर्मा ने किया।

# बिजली पानी आदि की समस्या को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले खे गंगधार क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती व पानी की समस्या, व बिजली की दरे कम करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने गुरुवार को राज्यपाल के नाम उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में लिखा की अघोषित बिजली कटौती से जनता परेशान हो रही है लोगो को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है,दिन रात्रि में कई घंटे बिजली बंद रहती है वही लोगो को शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह प्रतिहार ने बताया कि भाजपा सरकार के वादे इन दिनों नाकामियां साबित होते हुए दिखाई दे रहे हैं सरकार हर मोर्चे पर विफल हुई है, डग विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या बढ़ती हुई दिखाई दे रही है तथा ग्रामीण दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। वहीं क्षेत्र में आए दिन अघोषित बिजली कटौती से आमजन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता रहा है।

# सड़क हादसे में घायल रिटायर्ड यूडीसी ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( नि.स. )।** वैन और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में घायल बाइक सवार बारां कलेक्ट्रेट में यूडीसी पोस्ट से रिटायर्ड व्यक्ति को हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के पोस्टमार्टम करवाने से मना करने पर शव सौंपा गया। हादसा बारां जिले अटरू थाना क्षेत्र का है। अटरू थाना पुलिस के अनुसार घटना 31 जुलाई की है। रिटायर्ड यूडीसी दिनेशचंद पारीक (68) निवासी हाट चौक, अटरू बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे करीब बाइक से घर से निकले थे। सालपुरा रोड पर मोड़क स्कूल की तरफ जा रहे थे।

# ऊर्जा मंत्री की अनुशंसा पर मारवाड़ा चौकी पर 33/11 केवी जीएसएस स्वीकृत

## ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर मनाई खुशी, फोन कर मंत्री नागर का आभार जताया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( नि.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अनुशंसा पर मारवाड़ा चौकी पर 33/11 केवी जीएसएस को स्वीकृति मिली है। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई।

उल्लेखनीय है कि मूंडला ग्राम पंचायत और आसपास के गांवों में बिजली ट्रिपिंग की गहरी समस्या आ रही थी। जिसे लेकर पिछले दिनों ग्रामीणों ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से मिलकर 33 केवी जीएसएस की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर मारवाड़ा चौकी पर जीएसएस की स्वीकृति मिल गई है। जीएसएस बनने के बाद मूंडला, भीमपुरा, पारलिया, नयागांव, मारवाड़ा चौकी समेत क्षेत्र में विद्युत का लोड कम होगा। जिससे ट्रिपिंग और वोल्टेज की समस्या का समाधान हो सकेगा। घोषणा होने के बाद मूंडला पंचायत के ग्रामीणों ने मंत्री नागर को फोन कर आभार जताया है। ग्रामीणों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर आतिशबाजी की। इस दौरान कुलविंदर सिंह, विनोद मेघवाल, नंदलाल सुमन, हनुमान मीणा, जगमोहन नागर, राजेंद्र मीणा, हेमराज मीणा, बनवारी राठौर, भेरूलाल मीणा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# एडीएम सिटी ने संभावित जलभराव क्षेत्रों का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( नि.स. )।** तेज बारिश के बाद जलभराव की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी ने नगर निगम टीम के साथ संभावित जल भराव क्षेत्र का दौरा किया। एडीएम सिटी ने देवली अरब रोड़, कौटिल्य नगर, कंसुआ सहित आसपास के क्षेत्रों से गुजरने वालों नालों के डायवर्जन, पानी की तात्कालिक निकासी को लेकर निगम की रेस्क्यू टीम के साथ चर्चा की। एडीएम सिटी कृष्णा शुक्ला के अनुसार आगामी समय में भारी बारिश की संभावनाओं को देखते हुए कोटा में जहां जहां जलभराव की संभावना है उन क्षेत्रों का विजिट किया है। जहां जल भराव की समस्या है, उन इलाकों से लोगों को कैसे रेस्क्यू किया जाए, उनको कहां ठहराया जाना है।

इसकी संभावनाए तलाशी है। सामुदायिक भवन, स्कूलों को चिह्नित किया है। साथ ही जल भराव की स्थिति में तात्कालिक पानी की निकासी को लेकर भी निगम की टीम के साथ कार्य योजना तैयार कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# हम काम करते हैं, रील नहीं बनाते : रेल मंत्री

## दो दिन पहले प्रियंका चतुर्वेदी बोली थीं- वे रेल नहीं, रील मंत्री बनना चाहते हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र का गुरुवार (1 अगस्त) को नौवां दिन था लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रेनों की सेफ्टी पर बात की। इस पर विपक्ष ने ताजा हादसों पर सवाल पूछा और हंगामा किया। रेल मंत्री ने कहा- हम रील बनाने वाले नहीं, काम करने वाले लोग हैं। जो लोग यहां चिल्ला रहे हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए कि सत्ता में रहने के 58 सालों में वे 1 किमी दूर भी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) क्यों नहीं लगा पाए। आज वे सवाल उठाने की हिम्मत करते हैं। जब ममता बनर्जी रेल मंत्री थीं तो वे दुर्घटनाओं की संख्या बताती थीं कि 0.24 से घटकर 0.19 हो गई, ये लोग सदन में ताली बजाते थे और आज जब यह 0.19 से घटकर 0.3 हो गई है तो वे इस तरह का आरोप लगाते हैं। क्या यह देश ऐसे ही चलेगा?

**वैष्णव ने आगे कहा- कांग्रेस सोशल मीडिया की अपनी ट्रोल सेना की मदद से झूठी बातें उठाती है। क्या वे उन 2 करोड़ लोगों के दिलों में डर भरने की कोशिश कर रहे हैं जो हर दिन रेलवे से यात्रा करते हैं?**

असल में शिवसेना (उद्धव गुट) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 30 जुलाई को कहा था- हम हर दूसरे दिन पढ़ रहे हैं कि ट्रेन डिरेलमेंट हो रहा है। लोगों की जान चली जाती है और उसमें कोई कार्रवाई नहीं की जाती। रेल मंत्री अपने प्रचार में व्यस्त हैं। वे यही सोचते हैं कि कैसे मैं रेल मंत्री की जगह रील मंत्री बन जाऊं। इंस्टाग्राम पर रील पोस्ट करूं और वाहवाही लूटूं। लगता है कि रेलवे का 30% बजट उनके प्रचार में ही जाता है।



### रेल मंत्री बोले- विपक्ष अपने गिरेबान में झांके

अश्विनी वैष्णव ने कहा- यूपीए के कार्यकाल में सालाना औसत 171 एक्सीडेंट होते थे। हमारी सरकार में एक्सीडेंट की संख्या में 68% की कमी आई है। इस पर विपक्ष हंगामा करने लगा। तब वैष्णव ने कहा- विपक्ष अपने गिरेबान में झांकिए। आपने 58 सालों में एटीपी तक नहीं लगाया।

### रेल मंत्री बोले- 10 सालों में रेलवे में 5 लाख से ज्यादा भर्ती

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, अगर रेलवे में भर्ती की बात करें तो यूपीए के कार्यकाल में 2004 से 2014 तक रेलवे में सिर्फ 4 लाख 11 हजार कर्मचारियों की भर्ती हुई थी, जबकि 2014 से 2024 तक यानी एनडीए के 10 सालों में ये संख्या 5 लाख 2 हजार है। जिसकी सालों से मांग हो रही थी - रेलवे भर्ती के लिए एक वार्षिक कैलेंडर हो, हमने इसे जनवरी 2024 में घोषित कर दिया है। जो युवा रेलवे में जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, उनके लिए अब साल में 4 बार वैकेंसी निकलती हैं - जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर में।

### ट्रेन सेफ्टी पर रेल मंत्री बोले- 2024 में कवच का वर्जन 4.0 अप्रूव

रेलवे में सेफ्टी इश्यू पर बात करते हुए रेल मंत्री ने कहा- दुनिया के जितने बड़े रेल नेटवर्क हैं, उन्होंने एटीपी को लागू किया। इससे ड्राइवर को हाईस्पीड ट्रेन में सिग्नल देखने में आसानी होती है। ये टेक्नोलॉजी दुनिया में 80 के दशक में आ गई। भारत में 2014 तक नहीं था। 2006 में एंटी कोलीजन डिवाइस लाई गई, वो 2012 में फेल हो गई। मोदी ने 2014 में जिम्मेदारी ली, 2016 में कवच लाए, 2019 में इसको सेफ्टी सर्टिफिकेट मिला।

कोविड के बावजूद 2020-21 में ट्रायल होते रहे। 2024 में कवच का वर्जन 4.0 अप्रूव हो गया।

### रेल मंत्री ने कहा- आज विपक्ष भी वंदे भारत की डिमांड कर रहा

विपक्ष के सांसदों ने वंदे भारत ट्रेन की डिमांड की। जो संसद के बाहर हंगामा करते हैं, यहां ट्रेन की डिमांड कर रहे। 2015 में जब वर्ल्ड क्लास हाईस्पीड ट्रेन की बात आई। पीएम ने कहा- विदेश से टेक्नोलॉजी नहीं लेंगे। भारतीय इंजीनियर डिजाइन करेंगे। आज वंदे भारत ट्रेन भारत के युवाओं पर विश्वास का उदाहरण है।

### अश्विनी वैष्णव बोले- 50 नई अमृत भारत ट्रेन के प्रोडक्शन का फैसला लिया गया

अश्विनी वैष्णव बोले- जनवरी में अमृत भारत ट्रेन का प्रोडक्शन कंप्लीट हुआ। दो अमृत भारत ट्रेन चल रही हैं। 22 कोच में आधे स्लीपर और आधो जनरल कैटेगरी के हैं। इसमें फैसिलीटी काफी बेहतर हैं। 50 और अमृत भारत ट्रेन के प्रोडक्शन का फैसला लिया गया है। यह ट्रेन 400 रुपए में 1000 किमी की यात्रा कराती है। इस ट्रेन में झटके नहीं लगते हैं। अच्छे टॉयलेट हैं। बर्थ की डिजाइन चेंज हुई है। ट्रेन में 13 और नए इंप्रूवमेंट किए गए हैं। जो अगली ट्रेनों में दिखेंगे।

# आईएएस नियाज खान बोले- बॉलीवुड सनातन का दुश्मन

## ब्राह्मण द ग्रेट पार्ट-2 में लिखा- ब्राह्मणों से कराएंगे शुद्धिकरण; मोहब्बत करना अपराध होगा

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** अपनी बुक ब्राह्मण द ग्रेट और बयानों से विवादों में रहे आईएएस नियाज खान ने एक और किताब लॉन्च की है। ब्राह्मण द ग्रेट पार्ट-2 में सनातन धर्म और ब्राह्मणों की सर्वोच्च सत्ता की बात कही है। नियाज ने लिखा है कि बॉलीवुड सनातन का दुश्मन है। इसे बंद कर ब्राह्मणों से कलाकारों का शुद्धिकरण कराया जाएगा। प्रेम मोहब्बत को अपराध घोषित किया जाएगा, क्योंकि समाज में दुराचार फैलता है। आईएएस अफसर नियाज खान ने अपनी किताब में ये भी लिखा है- देश में लोकतंत्र की जगह धर्मतंत्र होना चाहिए। गोमाता को सबसे ज्यादा महत्व मिले। अंग्रेजी लिबास (पहनावा) के बजाय भारतीय लिबास लागू हो। छुआछूत और भ्रष्टाचार करने पर कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### नियाज का ये 10वां उपन्यास है

ब्राह्मण द ग्रेट की सीरीज में वार अगेंस्ट कलियुग नियाज खान का 10वां उपन्यास है। उपन्यास के नायक ब्राह्मण शुभेंद्र उर्फ जूनियर कौटिल्य भारत को ऐसा सनातन राष्ट्र बनाना चाहते हैं, जहां ब्राह्मण सनातनपति होगा। सनातन देश में ब्राह्मण केवल मजिस्ट्रेट, शिक्षा और पूजा पाठ का काम करेंगे और राष्ट्र के मार्गदर्शक होंगे। वे प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के सलाहकार भी होंगे। पार्लियामेंट कानून भी सनातनपति से सलाह लेकर बनाएगा।

# लखनऊ में युवती से बदसलूकी, 2 आईपीएस हटाए, चौकी सस्पेंड

## योगी बोले- आरोपियों में एक पवन यादव, दूसरा मोहम्मद अरबाज, ये हैं सपा के सद्भावना वाले

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** लखनऊ में बारिश के दौरान लड़की से बदसलूकी की गई। हुड़दंगियों ने पहले लड़की को पानी में गिराया फिर बैड टच करने लगे। घटना को सीएम योगी ने गंभीरता से लिया। दो आईपीएस अफसर, एक एसीपी, को हटा दिया। प्रभारी समेत पूरी चौकी को सस्पेंड कर दिया। विधानसभा में योगी ने इस घटना पर कहा, मेरे पास पूरी लिस्ट आई है। पहला अपराधी- पवन यादव। दूसरा- मोहम्मद अरबाज। ये हैं आपके सद्भावना वाले लोग। हम इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे क्या? इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी। अब आप चिंता मत करो। सीएम योगी ने कहा- महिला सुरक्षा हमारे लिए बड़ा मुद्दा है। इसीलिए हमने हर बहन-बेटी को आश्वस्त किया है। हमने इसको गंभीरता से लिया है।

### योगी बोले- मैं यहां नौकरी नहीं करने आया

योगी ने कहा- मैं यहां नौकरी नहीं करने आया हूं। मुझे प्रतिष्ठा प्राप्त करनी होती तो मुझे मठ में मिल जाती। मैं लोगों की सुरक्षा के लिए आया हूं। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय से सीएम ने कहा- आपको (विपक्ष को) बुलडोजर से डर लगता है, लेकिन ये निर्दोष के लिए नहीं है, उन अपराधियों के लिए है, जो प्रदेश के नौजवानों, व्यापारी और बहन-बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाते हैं। सीएम योगी ने कहा- सपा कहती है कि अपराधियों को साहब गोली मार देते हैं, तो क्या हम माला पहनाएंगे? यह लोग समाज के लिए कोढ़ हैं। अगर हम इस कोढ़ को हटाएंगे नहीं, तो काम नहीं चलेगा।

# नई संसद की छत से पानी लीक, नीचे बाल्टी रखी : विपक्ष बोला- संसद के बाहर पेपर लीक और अंदर पानी लीक; लोकसभा सचिवालय बोला- ठीक करा लिया है

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। एक साल पहले बनकर तैयार हुई नई संसद की छत से पानी लीक होने का एक वीडियो सामने आया है। इसमें दिखाई दे रहा है कि संसद की लॉबी में से पानी गिर रहा है और उसके नीचे एक बाल्टी रखी है जिसमें पानी जमा हो रहा है। यह वीडियो कांग्रेस के मणिकम टैगोर ने शेयर कर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- संसद के बाहर पेपर लीक और अंदर पानी लीक।

इसे लेकर लोकसभा सेक्रेट्रिएट ने कहा कि ग्रीन संसद की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए संसद भवन के कई हिस्सों में कांच के गुंबद (ग्लास डोम) लगाए गए हैं, ताकि नेचुरल लाइट आ सके। इसमें लॉबी भी शामिल है। बुधवार को भारी बारिश के बाद ग्लास डोम को सील करने के लिए लगाया गया पदार्थ हट गया था, जिसके चलते पानी का रिसाव हुआ। हालांकि इसे अब ठीक कर लिया गया है।

### अखिलेश बोले- इससे तो पुरानी संसद अच्छी थी

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इस नई संसद से अच्छी तो वो पुरानी संसद थी, जहां पुराने सांसद भी आकर मिल सकते थे। क्यों न फिर से पुरानी संसद चलें, कम से कम तब तक के लिए, जब तक अरबों रुपयों से बनी संसद में पानी टपकने का कार्यक्रम चल रहा है। वहीं सपा के मीडिया सेल ने ट्वीट किया कि भाजपा सरकार में नेता इंजीनियर बन जाते हैं, इंजीनियरों को निर्देश देना शुरू कर देते हैं, काम में दखलंदाजी और आर्किटेक्चर में दखल देते हैं जिसका परिणाम सामने है। नए संसद भवन में पानी टपक रहा है। न पानी निकासी के इंतजाम हैं, न सीवर ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त है। भाजपा सरकार में दिल्ली हो या यूपी दोनों जगह यही हो रहा है। दिल्ली में बीते कुछ दिनों से बारिश के चलते हालात बेहद खराब हैं। 27 जुलाई को ओल्ड राजेंद्र नगर में बारिश के बाद पानी भरने से राउ कोचिंग इंस्टीट्यूट के बेसमेंट में पानी भर गया। इसमें तीन स्टूडेंट्स की जान चली गई।

# सभी धर्मों के लोगों के लिए होगा एक कानून

## उत्तराखंड की तर्ज पर समान नागरिक संहिता बनाएगी भजनलाल सरकार

### कानून मंत्री बोले-सही समय पर बिल लाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भजनलाल सरकार उत्तराखंड की तर्ज पर राजस्थान में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए बिल लाएगी। विधानसभा में गुरुवार को राजस्थान में यूसीसी लागू करने के लिए बिल लाने पर बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ के सवाल के जवाब में विधि, न्याय और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- हां, राज्य सरकार इस विषय में विचार कर रही है। सभी पहलुओं पर विचार करके सरकार की तरफ से उचित समय पर बिल लाया जाएगा। हालांकि, सरकार ने बिल लाने और यूसीसी लागू करने की समय सीमा के बारे में नहीं बताया है। उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।

### डोटासरा बोले- मेरा सवाल स्थगित कर दिया, कितने दिन बचाओगे

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बोले- मेरा स्वास्थ्य से जुड़ा सवाल क्यों स्थगित कर दिया, कितने दिन बचाओगे? डोटासरा ने आपत्ति जताते हुए कहा- आप सवाल स्थगित कीजिए कोई दिक्कत नहीं, लेकिन सरकार लिखकर दे दे कि वो जवाब देने में सक्षम नहीं है। स्पीकर ने कहा कि ऐसा नहीं है। डोटासरा ने कहा- वित्त विभाग का तो समझ आता है। मेरा तो स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा सवाल था, उसे क्यों स्थगित कर दिया। कितने दिन बचाओगे, जवाब क्यों नहीं देती सरकार। कांग्रेस विधायक ने हरिमोहन शर्मा ने पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे कर्मचारियों की संख्या और पुरानी पेंशन योजना को यथावत रखने या नहीं रखने पर सरकार से सवाल पूछा था।

डोटासरा ने आरजीएचएस और चिरंजीवी योजना में रजिस्टर्ड अस्पतालों में इलाज नहीं होने, मरीजों से पैसा वसूले जाने और इससे जुड़ी शिकायतों का ब्योरा मांगा था।



### विधानसभा स्पीकर बोले- अतिवृष्टि से प्रभावित इलाके में तत्काल कदम उठाए सरकार



विधानसभा में प्रदेश भर में हुई तेज बारिश से हुए नुकसान का मुद्दा उठा। विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा- जयपुर, करौली, अजमेर सहित प्रदेश भर में कई विधायकों ने अतिवृष्टि से नुकसान का मुद्दा उठाना चाहा है। जहां भी अतिवृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुई है, जहां पानी भरा है, सरकार तत्काल कदम उठाए ताकि जनहानि को रोका जा सके। सभी जरूरी उपाय तत्काल किए जाएं। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सभी जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया। सवाईमाधोपुर की बामनवास पंचायत समिति के परिसर से 68 पेड़ सरकारी अनुमति मिलने से पहले ही काटने के मामले में दोषी अफसर-कर्मचारियों को पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने सस्पेंड करने की घोषणा की है।



# पेरिस ओलिंपिक में भारत को तीसरा मेडल

## शूटर स्वप्निल ने ब्रॉन्ज जीता, 50मी. राइफल थ्री पोजिशन में कामयाबी; सात्विक-चिराग की जोड़ी बाहर

बढ़ता राजस्थान

**पेरिस।** पेरिस ओलिंपिक में बुधवार को भारत को तीसरा मेडल मिला। 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन की मेंस कैटेगरी में शूटर स्वप्निल कुसाले ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। स्वप्निल ने कुल 451.4 अंक हासिल किए। खास बात यह है कि इस बार के ओलिंपिक में अब तक तीनों मेडल शूटिंग इवेंट्स में ही मिले हैं।

स्वप्निल कुसाले 2015 में कुवैत में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। उन्होंने 59वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गगन नारंग और चेन सिंह जैसे शूटर्स को हरा चुके हैं। मेडल जीतने के बाद स्वप्निल ने कहा, मुझे काफी खुशी हो रही है कि मैंने देश के लिए मेडल जीता। फाइनल के दौरान काफी नर्वस था, धड़कनें तेज हो गई थीं। स्वप्निल कुसाले ने 2015 में कुवैत में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा वे तुगलकाबाद में 59वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गगन नारंग और चेन सिंह जैसे बड़े शूटरों को हराकर जीत हासिल कर चुके हैं।

# हमास मिलिट्री चीफ मो. दाइफ की इजराइली हमले में मौत

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली. हमास का मिलिट्री चीफ मोहम्मद दाइफ हवाई हमले में मारा गया है। दाइफ की मौत की खबर काफी समय से चर्चा में थी, लेकिन इजराइली सेना ने गुरुवार 1 अगस्त को इसकी पुष्टि की। दावा किया गया कि उसे गाजा के खान यूनिस में 13 जुलाई को एक हवाई हमले में मार दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइल पर हमले में जिन 3 नेताओं की भूमिका थी, उनमें हमास का पॉलिटिकल लीडर इस्माइल हानियेह, मिलिट्री चीफ मोहम्मद दाइफ और गाजा का चीफ याह्या सिनवार शामिल थे। पहले दो की मौत के बाद हमास की टॉप लीडरशिप में अब सिनवार ही बचा है।



### हमास ने हमले में दाइफ की मौत को खारिज किया था

इजराइल ने 13 जुलाई को गाजा के अल-मवासी कैंप पर एयरस्ट्राइक की थी। हमले में 90 लोग मारे गए थे और 300 से ज्यादा घायल थे। इजराइली सेना ने दावा किया था कि हमले में हमास की मिलिट्री का चीफ दाइफ मारा गया है। हालांकि अगले ही दिन हमास ने इस दावे को खारिज कर दिया था। इजराइल ने 7 बार दाइफ को मारने की कोशिश की थी, हालांकि उसे सफलता नहीं मिल पाई थी। उसके बार-बार बचने की वजह से उस पर कहावत 9 जिंदगी पाने वाली बिल्ली सटीक बैठती थी। इजराइल पर पिछले साल 7 अक्टूबर को हुए हमले का मास्टरमाइंड था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-क्या सीएम हाउस में गुंडे होने चाहिए

## बिभव को स्वाति की हालत पता थी फिर भी मारा, क्या सत्ता दिमाग पर चढ़ गई है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में सीएम केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की जमानत पर सुनवाई की। इस दौरान जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने पूछा कि क्या मुख्यमंत्री का आवास निजी बंगला है। हमें इस बात की हैरानी है कि क्या इस तरह के गुंडे को सीएम आवास में काम करना चाहिए।

कोर्ट ने बिभव के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से तीखे सवाल किए। बेंच ने पूछा- बिभव को पीड़ित की फिजिकल कंडीशन पता थी, लेकिन यह आदमी उसे पीटता रहता है। उसे क्या लगता है, सत्ता उसके सिर पर चढ़ गई है। इसके बावजूद भी आप उसकी पैरवी कर रहे हैं। बेंच ने बिभव की जमानत के खिलाफ दायर याचिका पर दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किया है। साथ ही मामले की चार्जशीट पढ़ने के लिए समय लेते हुए सुनवाई 7 अगस्त तक के लिए टाल दी है।

### कोर्ट रूम में आरोपी के वकील और बेंच की दलीलें...



सुनवाई के दौरान बिभव की ओर से एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि वह 75 दिनों से हिरासत में है। उसके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। उन्होंने दलील दी कि मालीवाल के बयान में विरोधाभास है। वह घटना के दिन पुलिस स्टेशन गई थीं, लेकिन एफआईआर दर्ज कराए बिना वापस आ गईं। हालांकि बेंच ने इस दलील पर आपत्ति जताई। जस्टिस सूर्यकांत ने बिभव के वकील सिंघवी से पूछा कि मालीवाल ने इमरजेंसी सर्विस 112 किए गए कॉल से क्या संकेत मिलता है। यह कॉल आपके इस दावे को झुठलाती है कि मामला मनगढ़ंत था।

हत्यारों, लुटेरों को भी जमानत दी जाती है, लेकिन मालीवाल केस में आरोप बिभव के खिलाफ भारी पड़ते हैं। हम खुली अदालत में पढ़ना नहीं चाहते, लेकिन जब वह उसे रुकने के लिए कहती है, यह आदमी पीटना जारी रखता है। वह क्या सोचता है, सत्ता उसके सिर पर चढ़ गई है? सिंघवी ने कहा कि इन सभी आरोपों पर सुनवाई की जा सकती है। फिलहाल वह केवल जमानत मांग रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )